■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36 अंक : 240
पृष्ठ : 16+12+4 = 32
औरंगाबाद, सोमवार
26 जनवरी 2026
मूल्य : 5.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

## नागरिक सहभागिता और पर्यावरण चेतना से सशक्त हो रहा भारत का गणतंत्र : राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत का गणतंत्र नागरिकों की जागरूक सहभागिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण से निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और देश का प्रत्येक जागरूक नागरिक इस गणतांत्रिक यात्रा का सहभागी है। राष्ट्रपति ने देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य की दिशा को समझने का अवसर है। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने अपनी राष्ट्रीय नियति स्वयं तय की और 26 जनवरी 1950 को संविधान के पूर्ण रूप से लागू



होने के साथ लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में देश की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि संविधान विश्व के सबसे बड़े गणराज्य का आधार ग्रंथ है, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के आदर्श निहित हैं। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में उनका ऐतिहासिक योगदान रहा। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जय हिन्द' राष्ट्र गौरव का उद्घोष है और युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों, पुलिस बलों, किसानों, महिलाओं, स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, श्रमिकों, युवाओं, उद्यमियों और समाजसेवियों के सामूहिक योगदान से भारत का गणतंत्र मजबूत हो रहा है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की भूमिका की भी सराहना की, जो विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ कर रहे हैं। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती मतदान भागीदारी लोकतंत्र की शक्ति को और (शेष पृष्ठ 9 पर)

## शिबू सोरेन समेत 13 को पद्म भूषण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। पद्म विभूषण के लिए धर्मेंद्र सिंह देओल एवं को वी. एस. अच्युतानंदन मरणोपरांत के अलावा के. टी. थॉमस-लोक कार्य, एन. राजम-कला, पी. नारायणन-साहित्य एवं शिक्षा एवं को (मरणोपरांत) लोक कार्य की घोषणा की गयी है। वहीं पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में कला, चिकित्सा, लोक कार्य, सामाजिक कार्य, व्यापार और खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। इनमें अल्का याज्ञनिक-कला, भगत सिंह कोश्यारी-लोक कार्य, डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी-चिकित्सा, मम्मूटी-कला, डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु-चिकित्सा, पीयूष पांडे (मरणोपरांत), एस. के. एम. माइलानंदन-सामाजिक कार्य, शतावधानी आर. गणेश-कला, शिबू सोरेन (मरणोपरांत)-लोक कार्य, उदय कोटक-व्यापार एवं उद्योग, वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)-लोक कार्य, वेल्लापल्ली नटेशन-लोक कार्य एवं विजय अमृतराज-खेल शामिल हैं।




### शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

### सूचना


गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

संपादक

## भारत पहुंचे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि लुइस और लेयेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** गणत्रंत दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचने पर दोनों मेहमानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि दोनों 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह पहली बार है जब यूरोपीय संघ के दो शीर्ष अधिकारी एक साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग ले रहे हैं। यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष अधिकारियों के दिल्ली पहुंचने पर वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दोनों का स्वागत किया। बता दें कि 1950 से भारत गणतंत्र दिवस समारोह में किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति




या प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता आ रहा है। यह परंपरा भारत की विदेश नीति और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दर्शाती है। शीत युद्ध के समय भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुड़े नेताओं को आमंत्रित किया, जबकि हाल के वर्षों में अपने करीबी और रणनीतिक साझेदार देशों के नेताओं को यह सम्मान दिया गया है।




गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ई. महंथ स्वरूप
वरीय कोषागार पदाधिकारी
-सह- अध्यक्ष
अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ
औरंगाबाद (बिहार)


गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रणधीर कुमार सिंह
प्रदेश महासचिव
राष्ट्रीय लोक मोर्चा
कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष
क्षत्रिय करणी सेना
पटना (बिहार)


MLS COLLEGE OF PHARMACY
Approved by Pharmacy Council of India (PCI) New Delhi
Recognized by Health Department Govt. of Bihar
Affiliated to Health Science University Patna
AISHE Code C-65145
Admission Open
2026
Courses Offered
D.Pharm : 80000/year
B.Pharm : 40000/sem
Student credit card & scholarship facility available
www.mlspharmacy.in
NS 22 23, BIADA, Aurangabad, Bihar-824101
7562837993, 8789566302
9142414293, 06186295435
mlsdpharmacy@gmail.com
Dr. Braj Kishore Singh
Director
MLS College of Pharmacy
Mrs. Sarita Singh
Chairperson
Savitri Memorial Trust


BANGUR CEMENT
LET'S PLEDGE TO BUILD SMART
HAPPY REPUBLIC DAY
BANGUR MAGNA CEMENT
USE FOR SOLID CONCRETE
BANGUR ROOFON PLUS
CONCRETE MASTER
1800 1022
bangurcare@shreecement.com





गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
K.S.T COLLEGE
A Permanent Affiliated unit of Patliputra University, Patna | Web.: www.kstcollege.com |
Recognised By 2F & 12B, UGC, New Delhi Email.: principal@kstcollege.com
जिले का एक श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान वर्ष
1983 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन
नामांकन जारी है
बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साईस
(सत्र 2025-26)
माननीय श्री श्रवण कुमार
मंत्री ग्रामीण विकास विभाग
बिहार सरकार
महाविद्यालय की विशेषताएं
महाविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक प्रतिष्ठा के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी सत्रों तथा सेमेस्टर की सभी विषयों में पढ़ाई जारी है।
स्थान-सीमित, शीघ्र करें।
छात्र-अभिभावक समय रहते महाविद्यालय से संपर्क करें
डॉ. संजीत कुमार
प्रिंसिपल
केएसटी कॉलेज
सलेमपुर, सोहसराय, नालंदा, PIN- 803118 | Mob.: 9199705911, 9430567174


140 GOLDEN YEAR
बिहार, झारखण्ड की सबसे भरोसेमंद एवं विश्वसनीय दुकान
विश्वास वही
मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स
1886 से
शुरूआत नई
All Diamond & Gold Jewellery is Certified by
IGI
मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स प्रा. लि.
किसी भी ज्वेलर के पुराने गहनों को बदलें हमारे हॉलमार्क एवं HUID गहनों के साथ
हमारे सभी गहनो पर HUID निशान हैं।
संपूर्ण पारदर्शिता
आजीवन फ्री मेंटेनेंस का वादा
100% HUID अनुकूल सोना
जांचे-परखे और प्रमाणित हीरे
100% बायबैक की गारंटी
फेयर प्राइस पॉलिसी
जिम्मेदारी से निर्मित सोना
उचित श्रमिक परिवेश
गोल्ड रेट प्रोटेक्शन
सम्पूर्ण वातानुकूलित
सोना एवं चाँदी का आभूषण
आकर्षक डिजाईनों में उपलब्ध
सत्तो बाबू की दुकान
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गा स्थान, हिलसा, थाना के सामने (नालन्दा)
हेरिटेज स्टोर :- चौक बाजार, बिहारशरीफ, नालंदा-803101
9288147650
9334447650











# दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी (बेगूसराय)।** थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में नावकोठी निवासी श्रीकांत सिंह का पुत्र निलेश कुमार उर्फ करका तथा कांड संख्या 224/25 के अभियुक्त सुनील पाठक का पुत्र गोलू पाठक शामिल है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों पर नावकोठी निवासी दिनेश सहनी के साथ मारपीट करने एवं उससे रंगदारी मांगने का आरोप है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा 2 दिसंबर को नावकोठी थाने में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।


























गणतंत्र दिवस के अवसर पर आप सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार अश्विनी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार
डाटा ऑपरेटर
बीएसएफसी गोदाम
रफीगंज (औरंगाबाद)
नवनीत कुमार
सहायक प्रबंधक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सूर्यदयाल गुप्ता
संचालक
कारगिल गैस एजेन्सी
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण कुमार
प्रभारी प्रधानाध्यापक
रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
ख्वाजा अतीक राजा
वरिष्ठ नेता, जदयू-सह- प्रखंड 20 सूत्री सदस्य
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. संजय यादव
पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण कुमार
मुखिया
बलार (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
TENDER HEART
(An English Medium School)
Managed & Run by:- SAHYOG EDUCATIONAL & SOCIAL WELFARE TRUST
Based on C.B.S.E. CURRICULUM Classes - Nursery to VIII
Venue :- Bhimsen Path, Rafiganj, Aurangabad (Bihar) Mob. :- 9708055668, 8409613737
अजीत कुमार सिन्हा
प्राचार्य
संगीता कुमारी
सचिव

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
ARCC
निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा
एक छत के नीचे सब कुछ अधिक पढ़ाई अधिक सुविधा
SPOKEN ENGLISH
COMPUTER, SKILL, KYP
SHAMS PARWEZ
DIRECTOR
NEW AREA, RAJA BAGICHA, RAFIGANJ, AURANGABAD

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. गुलाम शाहिद
पूर्व मुख्य पार्षद
मिरिख दरख्शा
मुख्य पार्षद
नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार सिंह
आवास पर्यवेक्षक
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
मो. शाएक अहमद उर्फ शम्मू खान
समाजसेवी
सुपुत्र-कॉ. शहीद इश्तियाक अहमद खान
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुबोध शर्मा
वार्ड पार्षद, वार्ड नंबर-13
नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार सिंह
मुखिया
गोरडीहा (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकांत कुमार
मुखिया प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-कझपा
रफीगंज (औरंगाबाद)
ममता कुमारी
मुखिया

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर दयाल यादव
मुखिया
पोगर (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
बसंती देवी
पंचायत समिति सदस्य
चरकावां (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार यादव
पूर्व जिला परिषद-सह- जिला महासचिव, राजद
पैक्स अध्यक्ष
चरकावां (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार
पंचायत समिति सदस्य
पोगर (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
बसंत यादव
पैक्स अध्यक्ष
केराप (रफीगंज) औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
गीता सिंह
प्रखंड प्रमुख
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अमृता मोरिया
प्रखंड कृषि पदाधिकारी
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
जितेश चंद्र कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी
गौतम कुमार
पंचायत तकनीकी सहायक
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजू सिंह
पंसस प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-कोटवारा
रफीगंज (औरंगाबाद)
कुमारी सरिता
पंचायत समिति सदस्य

रश्मि हॉस्पिटल
राजा बिगहा, महाराजगंज रोड, रफीगंज (औरंगाबाद)
नोट: सभी प्रकार का ऑपरेशन किया जाता है। यहां सभी प्रकार का सुविधा दी जाती है। हमारे यहां बिना चिर फार के पथरी का ईलाज किया जाता है।
डॉ. संगम कु. वर्मा
एम एस जेनरल सर्जन
यहां प्रशिक्षित स्टाफ भी रहते हैं।
डॉ. रश्मि वर्मा
एम डी जेनेरल मेडिसिन
चिकित्सा पदाधिकारी, नवादा

बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
NAVYUG KYP CENTRE
कासमा रोड, रफीगंज (औरंगाबाद) मो-9334129133
निशुल्क कंप्यूटर शिक्षण संस्थान
रणजीत कुमार
निदेशक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के छात्र - छात्रा एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामना
निवेदक
हरेन चंद्र सिंह
प्राचार्य
बलरामपुर महाविद्यालय बलरामपुर, पंचायत - शाहपुर प्रखंड- बलरामपुर कटिहार

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलावासियों को हार्दिक शुभकामना
निवेदक
संजीत कुमार दास
संचालक
रॉयल ब्रिक्स फील्ड, बैदौल
पंचायत- बलरामपुर, कटिहार

AARAV HOSPITAL
लाइन बाजार, सदर अस्पताल के सामने, पूर्णिया
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अंगद कु चौधरी
हड्डी, जोड़ एवम नस रोग विशेषज्ञ
डॉ आभा प्रसाद
स्त्री एवम प्रसूति रोग विशेषज्ञ
Mo. 9771720785 / 9472073557

बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस की अनंत शुभकामनाएं
समृद्ध वर्मा
विधायक, सिकटा मैनाटांड

की हार्दिक शुभकामनाएं
रौशन कुमार
थानाध्यक्ष भंगहा

की हार्दिक शुभकामनाएं
अफरोज आलम
मुखिया प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज मझुरी, मैनाटांड

की हार्दिक शुभकामनाएं
महम्मद सलाउद्दीन
चेयरमैन
चंपारण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक, पारा मेडिकल, आईटीआई, वोकेशनल एंड डिग्री कॉलेज, मैनाटांड मजलिया परसा,
मोबाइल - [illegible]

की हार्दिक शुभकामनाएं
भोट साह उर्फ गणेश साह
प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि
मैनाटांड प चम्पारण

की हार्दिक शुभकामनाएं
लवकान्त शर्मा
थानाध्यक्ष इनरवा

की हार्दिक शुभकामनाएं
शाहनवाज अली उर्फ बादल अली
युवा समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि पंचायत राज बरवा बरौली प्रखंड नरकटियागंज

की हार्दिक शुभकामनाएं
अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे
अध्यक्ष प्रखंड मुखिया संघ सह मुखिया पंचायत राज पुरैनिया हरसरी, प्रखंड नरकटियागंज

की हार्दिक शुभकामनाएं
रौशन ब्याहुत
युवा समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि पंचायत राज गोबुला प्रखंड नरकटियागंज

की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल जायसवाल
मुखिया, पंचायत राज शिकारपुर, प्रखंड नरकटियागंज।

की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार साह
मुखिया पंचायत राज राजपुर तुमकड़िया प्रखंड नरकटियागंज

की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनैना देवी
प्रखंड प्रमुख
की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन कुमार साह
प्रमुख प्रतिनिधि, प्रखंड नरकटियागंज।

संपादकीय

# बीसीबी का आत्मघाती रवैया

बांग्लादेश क्रिकेट क्लब (बीसीबी) ने आईसीसी टी 20 वर्ल्ड कप के मैच भारत में खेलने से मनाकर इसे राजनीतिक मुद्दे का रंग देकर आत्मघाती कदम उठाया है। इसका दूरगामी असर बांग्लादेश क्रिकेट पर होगा। मजे की बात यह है कि जिस पाकिस्तान के उकसावे पर बांग्लादेश ने भारत में मैच न खेलने को लेकर कड़ा रूख अपनाया था, उस पाकिस्तान ने आईसीसी के मैच का स्थान न बदलने के फैसले पर निराशा तो जताई पर टूर्नामेंट से हटने पर मुकर गया। हालांकि चर्चा यह है कि पाकिस्तान भी टूर्नामेंट में खेलने पर पुनर्विचार कर सकता है। गौरतलब है कि आईपीएल में कुछ हिंदूवादी नेताओं की आपत्ति पर बीसीसीआई ने केकेआर में अनुबंधित बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर को टीम से निकालने का आदेश दिया था, जिसके बाद केकेआर ने मुस्तफिजुर का काट्रैक्ट रद्द कर दिया। हिंदूवादी नेताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सरेआम हत्या की जा रही हो, तब किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल में कैसे खेलने दिया जा सकता है। इससे भड़के बांग्लादेश ने हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी देने की जगह आईसीसी 20 वर्ल्ड कप में उसके मैच भारत के बजाए श्रीलंका में कराने या फिर बांग्लादेशी टीम का ग्रुप बदलने की मांग की थी। जिसे आईसीसी ने यह कहकर खारिज कर दिया कि ऐन वक्त पर कोई बदलाव नहीं होगा। बांग्लादेश को अपने मैच में भारत में ही खेलने होंगे। लेकिन बीसबी वहां की भारतविरोधी सरकार और पाकिस्तान की शह पर अड़ियल रूख अपनाते हुए आईसीसी का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। हालांकि उसने यह मामला ले जाने की मांग की है। लेकिन उसका कुछ फायदा होगा, ऐसा नहीं लगता। इस मामले में बीसीबी चाहता तो आईसीसी से यह कह सकता था कि वह भारत अपनी टीम तभी भेजेगा, जब भारत सरकार टीम की सुरक्षा की गारंटी दे, लेकिन उसने ऐसा न करके, अतिवादी रवैया अपनाया। लेकिन इस मामले में उसे पाकिस्तान के अलावा किसी देश का समर्थन नहीं मिला। वैसे भी बांग्लादेश के आईसीटी टी 20 वर्ल्ड कप में बाहर होने से बड़ा आर्थिक नुकसान होने वाला है। टूर्नामेंट से हटने पर बांग्लादेश क्रिकेट क्लब को आईसीसी से मिलने वाले सालाना रेवेन्यू शेयर में से करीब 325 करोड़ बांग्लादेशी टका (लगभग 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 240 करोड़ भारतीय रुपए) का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा प्रसारण अधिकारों, प्रायोजन और बाकी कमाई से कुल फाइनेंशियल नुकसान मौजूदा फाइनेंशियल ईयर में 60 प्रतिशत या उससे ज्यादा हो सकता है। खिलाड़ियों को भी मैच फीस, बोनस और प्राइज मनी से वंचित होना पड़ेगा। इस विवाद का असर बांग्लादेश और भारत के द्विपक्षीय क्रिकेट रिश्तों पर भी पड़ सकता है। भारत अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश का दौरा रद्द कर सकता है, क्योंकि यह सीरीज टीवी प्रसारण अधिकारों के लिहाज से बाकी 10 बाइलेटरल मैचों जितनी अहम मानी जाती है। टीम इंडिया का ये दौरा साल 2025 में होना था, तब बीसीसीआई ने दौरे को आगे बढ़ा दिया था। दरअसल अपने अंध भारत विरोधी रवैये के कारण बांग्लादेश भारत के उस अहसान को भी भूल गया है, जिसके तहत भारत की वजह से ही बांग्लादेश को सन् 2000 में आईसीसी की पूर्णकालिक सदस्यता मिली थी। बताया जाता है कि टी 20 वर्ल्ड कप से हटने की जिद बीसीबी के सलाहकार आसिफ नजरूल की है, जो भारत विरोधी तत्वों के इशारे पर काम कर रहे हैं। जबकि बांग्लादेशी खिलाड़ी भारत में खेलना चाह रहे हैं, लेकिन दबाव में उनके मुंह बंद हैं। वैसे भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने पर सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं का होना है। इस बीच बीसीबी ने आखिरी पैंतरा आईसीसी से यह मांग कर चला कि वह इस मामले को आईसीसी की स्वतंत्र विवाद समाधान समिति के पास भेजे। यह समिति स्वतंत्र वकीलों की होती है और आईसीसी से जुड़े मामलों के विवाद सुलझाती है। हालांकि वहां भी बांग्लादेश को कुछ राहत मिलेगी, इसकी संभावना कम ही है। यूं खुद बांग्लादेश में भी ज्यादातर लोगों की राय टूर्नामेंट में टीम के भाग लेने के पक्ष में ज्यादा है। लेकिन वहां फिलहाल अराजकता की स्थिति है और देश में अगले माह चुनाव होने हैं। ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इस मामले में खुलकर बोलने से बच रहा है। लेकिन जो हो रहा है, वह बांग्लादेश के अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

अध्यात्म

# सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता



एक पंडित रोज रानी के पास कथा करता था। कथा के अंत में सबको कहता कि राम कहे तो बंधन टूटे। तभी पिंजरे में बंद तोता बोलता, यूं मत कहो रे पंडित झूठे। पंडित को क्रोध आता कि ये सब क्या सोचेंगे, रानी क्या सोचेगी। पंडित अपने गुरु के पास गया, गुरु को सब हाल बताया। गुरु तोते के पास गया और पूछा तुम ऐसा क्यों कहते हो?

तोते ने कहाः मैं पहले खुले आकाश में उड़ता था। एक बार मैं एक आश्रम में जहां सब साधू-संत राम-राम-राम बोल रहे थे, वहां बैठा तो मैंने भी राम-राम बोलना शुरू कर दिया। एक दिन मैं उसी आश्रम में राम-राम बोल रहा था, तभी एक संत ने मुझे पकड़ कर पिंजरे में बंद कर लिया, फिर मुझे एक-दो श्लोक सिखाये।

आश्रम में एक सेठ ने मुझे संत को कुछ पैसे देकर खरीद लिया। अब सेठ ने मुझे चांदी के पिंजरे में रखा, मेरा बंधन बढ़ता गया। निकलने की कोई संभावना न रही।

एक दिन उस सेठ ने राजा से अपना काम निकलवाने के लिए मुझे राजा को गिफ्ट कर दिया, राजा ने खुशी-खुशी मुझे ले लिया, क्योंकि मैं राम-राम बोलता था। रानी धार्मिक प्रवृत्ति की थी तो राजा ने रानी को दे दिया। अब मैं कैसे कहूं कि राम-राम कहे तो बंधन छूटे।

तोते ने गुरु से कहा आप ही कोई युक्ति बताएं, जिससे मेरा बंधन छूट जाए। गुरु बोलेः आज तुम चुपचाप सो जाओ, हिलना भी नहीं। रानी समझेगी मर गया और छोड़ देगी।

ऐसा ही हुआ। दूसरे दिन कथा के बाद जब तोता नहीं बोला, तब संत ने आराम की सांस ली। रानी ने सोचा तोता तो गुमसुम पढ़ा है, शायद मर गया। रानी ने पिंजरा खोल दिया, तभी तोता पिंजरे से निकलकर आकाश में उड़ते हुए बोलने लगा गुरु मिले तो बंधन छूटे। अतः शास्त्र कितना भी पढ़ लो, कितना भी जाप कर लो, लेकिन सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता।

# 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857' के गुमनाम योद्धा ज़ुल्फ़िक़ार अली

## बाबू कुंवर सिंह के कमांडर थे ज़ुल्फ़िक़ार अली

संजय कुमार

इतिहास गवाह हैं कि 1857 विद्रोह - प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक योद्धा बाबू कुंवर सिंह, जिन्होंने बिहार में वर्ष 1857 के भारतीय विद्रोह का नेतृत्व किया था। वे तब लगभग 80 वर्ष के थे। उनकी लड़ाई में कईयों ने साथ दिया था। इन्ही में एक नाम है मौलवी काजी शेख मोहम्मद ज़ुल्फ़िक़ार अली। बाबू कुंवर सिंह के विश्वास पात्र सहयोगियों में मौलवी काजी शेख मोहम्मद ज़ुल्फ़िक़ार अली का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। ज़ुल्फ़िक़ार अली ने बाबू कुंवर सिंह के आदेश पर सेनापति का कार्यभार संभाला था। ज़ुल्फ़िक़ार अली तेज तरार्र युवा योद्धा एवं कूटनीति के माहिर व्यक्ति थे। जिन्होंने देशभक्त वीरों की टुकड़ी तैयार कर खुफिया विभाग बनाया था और उसका सफलता पूर्वक संचालन किया था। इसलिए बाबू कुंवर सिंह उनका सम्मान करते थे। दिल्ली प्रस्थान करते समय रास्ते में अंग्रेजों के साथ सैनिक झड़प में ज़ुल्फ़िक़ार अली की मौत हो गयी थी। मौत के बाद उनका शव नहीं मिला था। इसलिए शहादत की सही तारीख नहीं मिलती है। भारतीय इतिहास के कम ज्ञात तथ्यों को सामने लाने के लिए समर्पित वेबसाइट, 222.heritagetimes.in के संस्थापक मोहम्मद उमर अशरफ, तथ्यों के मद्देनजर लिखते है कि, नगवां (काको) ग्राम के काजी ज़ुल्फ़िक़ार अली आजादी की पहली लड़ाई में बाबू कुंवर सिंह के प्रमुख सिपहसालार थे। इन्होंने नगवां गाँव में राजपूत रेजिमेंट का गठन किया। इस जहानाबादी रेजिमेंट ने मेरठ, गाजीपुर, बलिया आदि जगहों पर छापामार युद्ध कर के अंग्रेजो को खूब छकाया। आजमगढ़ में ब्रिटिश छापखाना के साथ हुए आमने-सामने के युद्ध में ज़ुल्फ़िक़ार अली सहित जहानाबाद के कई वीर शहीद हुए थे। जुल्फिकर अली के वंशज काजी अनवर अहमद, जो आज जीवित है और अपने वंशजों से सुनी हुई बातों पर जानकारी देते हैं। इतिहास के पन्नों पर इस सपूत के शहादत की तारीख तक का उल्लेख का नहीं होना बताता है कि देश के लिए हजारों योद्धाओं ने कुर्बानी दी होगी, जिनका कोई जिक्र तक नहीं होता है। बाबू कुंवर सिंह के तीन पत्र ज़ुल्फ़िक़ार अली के नाम

शहीद क़ाज़ी ज़ुल्फिक़ार अली बिहार के गया जिले के जहानाबाद (अब ज़िला) के क़ाज़ी दौलतपुर के रहने वाले थे। जो बाबू कुंवर सिंह के सबसे क़रीबी साथियों में से एक थे। 1857 की क्रांति की पूरी तैयारी में क़ाज़ी ज़ुल्फिक़ार अली ने बाबू कुंवर सिंह के साथ मिल कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। जिसका ज़िक्र उन ख़तों में बखूबी मिलता है, जो बाबू कुंवर सिंह ने 1856 में लिखी थी। हालाँकि हम जानते हैं कि सिपाही विद्रोह यानि 1857 क्रांति की शुरुआत 1857 में हुई थी, लेकिन बाबू कुंवर सिंह द्वारा कैथी लिपि में लिखे ख़तों में बार-बार युद्ध-मीटिंग जैसी बातों का ज़िक्र हो रहा है, जिससे से इस बात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि 1857 की क्रांति कोई फ़ौजी क्रांति नही, बल्कि ये क़ाज़ी ज़ुल्फिक़ार अली और बाबू कुंवर सिंह जैसे देशभक्तों की लम्बी रणनीति का हिस्सा था। तो, आइये बाबू कुंवर सिंह के ऐतिहासिक तीन खतों को देखते है, जो आज भी खुदा बक्श लाइब्रेरी पटना में सुरक्षित है, जिसको कुंवर सिंह की जानिब से जसवंत सिंह ने लिखी थी। जिसपर कुंवर सिंह की मोहर भी लगी हुयी है।

**बाबू कुंवर सिंह का पहला पत्र ज़ुल्फ़िक़ार अली के नामः-** मई 1856 बेरादर ज़ुल्फ़िक़ार,

उस दिन के जलसे में जो बातें तय हुई वह तुम्हारे शरीक होने के वजह से हुई। अब वक़्त आ गया है कि हम लोग अपनी तैयारी जल्दी करें। अब भारत को हम लोगों के खून की ज़रूरत है। तुम्हारी मदद से हम लोग इस तरफ़ बेफ़िक्र हैं, यह पत्र तुम्हें कहाँ से लिखा जा रहा है, तुम्हें ख़त देने वाला ही बताएगा। तुम्हारी अंगुसतरी मिल गई। इससे सब हाल मालूम हो गया। इससे दस्तार तलब करना तब जवाब पत्र दोगे। 15 जून को जलसा है। इस जगह तुम्हारा रहना ज़रूरी है। हम लोगों का आख़री जलसा होगा। इसमें सब कामों को मूर्तब कर लेना है।

मिनजानिब कुंवर सिंह
मुहर कुंवर सिंह
बाः जसवंत सिंह

**बाबू कुंवर सिंह का दूसरा पत्र ज़ुल्फ़िक़ार अली के नाम :-** अगस्त 1856 अज़ीज़ ज़ुल्फिक़ार,

वक़्त आ गया है। वो मेरठ क़ासिद रवाना हो, वहाँ ही इत्तला का इंतज़ार है। करवाई मोरतब कर लिया गया। तुम होशियार हो। वो काम अंजाम हो। हम लोग की फ़ौज तैयार है। इधर से हम और उधर से तुम चलना। वहाँ अंग्रेज़ी फ़ौज थोड़ी है। आख़री इशारे का इंतज़ार करना।

मिनजानिब कुंवर सिंह
मुहर कुंवर सिंह
बाः जसवंत सिंह

**बाबू कुंवर सिंह का तीसरा पत्र ज़ुल्फ़िक़ार अली के नाम :-**

9 जनवरी 1857
अज़ीज़ ज़ुल्फ़ीक़ार,

अफ़सोस मेरा ठीक हाल मालूम हुआ होगा। दिल्ली को रवाने हो चुके। हम लोगों को अपनी जान की बाज़ी लगा देना है। वक़्त क़रीब है मगर मैदान में मरना अच्छा है। अफ़सोस तुम्हारे बारे में असद अली ने इत्तला कर दिया है। हमारा आदमी वहाँ मौजूद था। वह अंग्रेज़ों से मिला हुआ है, अंग्रेज़ी फ़ौज उस तरफ़ जा रही है, सो तुम इस ख़त को देखते ही घर छोड़ दो और हमसे जहां यह निसान बल लगाया मिल जाओ। भगवान पर सब कुछ छोड़ दो। ज़िंदा गिरफ़्तारी से बेहतर हम लोगों की लाश भी अंग्रेज़ों को न मिले। भगवान तुम्हारी रक्षा करेगा। इस फ़क़ीर से निसान तलब करना। हम भी वहीं रवाना हो रहे हैं। तुम फ़ौरन पहुँच जाओ।

**मिनजानिब कुंवर सिंह**
**मुहर कुंवर सिंह**
**बाः जसवंत सिंह**

पहले पत्र से साफ जाहिर होता है कि क्रांति की ज्वाला एक वर्ष पूर्व ही भड़क चुकी थी। योजनाएं पहले से ही बन चुकी थी। उन्हें उपयुक्त समय की तलाश थी। अतः यही उद्देश्य से 15 जून के जलसे में इसका अंतिम रूप देना था। इस पत्र से साफ़ है कि कुंवर सिंह को ज़ुल्फ़िक़ार अली के क्रांतिकारी कदम के बारे में पता चला था। जुल्फिक़ार अली के वंशज काजी अनवर अहमद बताते हैं कि ज़ुल्फ़िक़ार अली अपने वंशजों की सम्पति काजी दौलापुर के नगवां गाँव, जहाँ हजारों बीघा खेत में लगे खजूर पेड़ से क्षेत्र जंगल बन गया था, अंग्रेजों से छुपकर वे वहां फ़ौज तैयार करते थे। उनके फ़ौज में हर जाति - धर्म के सैनिक थे। इसकी जानकारी बाबू कुंवर सिंह को हुई तो उन्होंने उन्हें पत्र लिखा और एक साथ मिलकर लड़ने की बात कही। जब कुंवर सिंह को पता चलता है कि ज़ुल्फ़िक़ार अली उनसे उम्र में बहुत छोटे हैं तो विरादर संबोधन, अजीज शब्द में तब्दील हो गया।

कुंवर सिंह के दिवतीय पत्र से स्पष्ट है कि फौज पूर्णत तैयार थी और अंग्रेजी फौज पर आक्रमण करने के लिए सिर्फ आक्रमण के संकेत या आज्ञा का इंतजार था।

जबकि कुंवर सिंह द्वारा ज़ुल्फ़िक़ार अली को लिखा गया तीसरा पत्र प्रेरणादायक और स्फूर्तिदायक है। प्रस्तुत पत्र में मातृभूमि को स्वतंत्र करने के लिए आह्वान किया गया है और प्रेरित किया गया है स्वयं को देश के लिए समर्पित कर देने के लिए। इस पत्र के सारे शब्द, मात्र शब्द नहीं है बल्कि देश की आत्मा की आकुल पुकारे हैं। अंग्रेजों के हाथों में गिरफ्तार होना लज्जाजनक है। इतना ही नहीं बल्कि लाश का अंग्रेजों का स्पर्श भी अपमानजनक है। पत्र के शब्द बताते हैं कि अंग्रेजों के प्रति घृणा, ग्लानि, क्षोम इतना व्याप्त था कि लड़ाई में मारे जाने की बात क्या, शव को अंग्रेजों द्वारा स्पर्श भी अपमानजनक था। इतिहास गवाह है कि कुंवर सिंह और ज़ुल्फ़िक़ार अली ने इसका पालन भी किया। पत्र में कुंवर सिंह बताते हैं कि वे दिल्ली को रवाने हो चुके। और ज़ुल्फ़िक़ार अली को आगाह भी करते हैं कि अफ़सोस तुम्हारे बारे में असद अली ने अंग्रेज़ों को इत्तला कर दिया है। हमारा आदमी वहाँ मौजूद था। वह अंग्रेज़ों से मिला हुआ है, अंग्रेज़ी फ़ौज उस तरफ़ जा रही है, सो तुम इस ख़त को देखते ही घर छोड़ दो और हमसे जहां यह निसान बल लगाया मिल जाओ। भगवान पर सब कुछ छोड़ दो। ज़िंदा गिरफ़्तारी से बेहतर हम लोगों की लाश भी अंग्रेज़ों को न मिले। भगवान तुम्हारी रक्षा करेगा। इस फ़क़ीर से निसान तलब करना। हम भी वहीं रवाना हो रहे हैं। तुम फ़ौरन पहुँच जाओ। हुआ भी यही, ज़ुल्फ़िक़ार अली अपनी फ़ौज के साथ रवाना हो गए और जब अंग्रेजी फ़ौज दौलतपुर पहुंची और ज़ुल्फ़िक़ार अली नहीं मिले तो आक्रोशित होकर पूरे गांव को तबाह कर दिया।

बाबू कुंवर सिंह द्वारा पत्र ज़ुल्फ़िक़ार अली को लिखे पत्रों से ज्ञात होता है कि ज़ुल्फ़िक़ार अली ने 1857 क्रांति के संचालन में अपूर्व योगदान दिया था। ये क्रांति विषयक आवश्यक मंत्रणाओं में अक्सर शरीक होते थे और समय-समय पर गुप्त सूचनाओं से भी अवगत भी कराते थे। उन्होंने हर संभव तरीकों से देश को गुलामी के पंजों से मुक्त कराने की कोशिश की थी। चर्चित इतिहासकर, मगध और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. के.के. दत्ता ने 23 अगस्त,1976 को लिखे अपने पत्र मैं बाबू कुँवर सिंह द्वारा जुल्फिकर अली को लिखे तीन पत्रों की टिप्पणी करते लिखते हैं कि 1857-59 का वक्त भारत में ब्रिटिश वर्चस्व के विकास के लिए एक बड़ी चुनौती थी। डॉ. के.के. दत्ता ने जॉर्ज गैम्पबेल की पुस्तक 'द मेमोरीज ऑफ इंडिया करियर' की चर्चा करते हुये बताते हैं कि पुस्तक के खंड - एक, पृष्ठ 213 में जॉर्ज गैम्पबेल ने लिखा है, यह एक विद्रोह अकेला या अचानक शुरू नहीं हुआ था, बल्कि विद्रोह की शुरुआत पहले ही हो चुकी थी बल्कि इस विद्रोह की तैयारी लंबे समय से चल रही थी। अंग्रेजों के खिलाफ विभिन्न वर्ग और इलाकों मैं असंतोष था। असंतोष की परिणति के कारण ही विभिन्न कारकों के कारण यह विद्रोह हुआ और इसके लिए अंग्रेज़ ही जिम्मेदार थे।

अंग्रेजों के जुल्म-सितम के खिलाफ फैलते असंतोष से भारत के विभिन्न भागों में जन आन्दोलन अंदर ही अंदर छिड़ गया था, और मेरठ उसका केंद्र बना था। इसमें अधिकांश विद्रोहियों का अखिल भारतीय दृष्टिकोण देखने को मिला था। यहाँ तीन पत्र नीचे उद्धत किए गए हैं, जिसे काजी अनवर अहमद जो जहानाबाद से हैं और उनका संबंध 1857 विद्रोह से गुमनाम योद्धा ज़ुल्फ़िक़ार अली से हैं जो उनके वंशज हैं। जुल्फिकर अली के वंशज को मुगल शासन ने काजी नियुक्त किया था। ज़ुल्फ़िक़ार अली अपने परिवार में वंश की पंक्ति में आठवें स्थान पर थे और इतिहास से रूबरू कराने वाले काजी अनवर अहमद 13वें स्थान पर हैं। मूल पत्र कैथी लिपि में आज भी ख़ुदा बक्श लाइब्रेरी पटना, बिहार में सुरक्षित है। वे पत्र मई 1856 से जनवरी 1857 के बीच लिखे गये। वे पत्र आजादी के प्रथम संग्राम के पूर्व के बिहार की मुकम्मिल तस्वीर पेश करते है। वे पत्र उस साझा सपने के गवाह है, जिसे वीर कुंवर सिंह और योद्धा ज़ुल्फ़िक़ार अली ने मिलकर देखा था। डॉ. के.के. दत्ता के आंकलन को कई ने सही ठहराया है। पटना से प्रकाशित जनशक्ति के गणतंत्र विशेषांक 1974 के अंक में रामजतन शर्मा लिखते हैं कि 1857 ईसवी की क्रांति, जिसे अधिकांश इतिहासकार सिपाही विद्रोह की संज्ञा दी है, वह केवल सैनिक विद्रोह ही नहीं वरन् राजनीतिक जन क्रान्ति थी। इन इतिहासकारों ने इसे सिपाही विद्रोह की संज्ञा प्रदान कर यदि एक ओर जनमानस को गुमराह और हतोत्साह किया है, तो दूसरी ओर सत्य पर पर्दा भी डाला है।

गणतंत्र भारत में आज आवश्यकता है इतिहास के उससे परिच्छेद के पुनरावलोकन की स्वतंत्र रूप से चिंतन और मनन की, और नई सत्यपरख खोजों की। इतिहास के जिज्ञासु पाठक यदि उस ओर थोड़ी सी दृष्टि निक्षेप करें तो आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नये - नये तथ्यों का उद्घाटन होगा और मातृभूमि के चरणों पर अपने आपको उत्सर्ग करने वाले वीर पुत्रों, रणबांकुरे शहीदों के जीवन प्रकाश हमारे मार्ग की भ्रांति को दूर कर नयी प्रेरणा और प्रोत्साहन की मंदाकिनी बिखेरने में सक्षम होंगे।

**मरने के बाद जुल्फिकर पर मुकदमा**

विद्रोह के मद्देनजर अंग्रेजों ने जुल्फिक्र अली सहित उनके कई सिपाहियों पर गया में 'एक्ट 14 ऑफ 1857 गया' के तहत मुकदमा चलाया और घर संपत्ति जब्त कर ली थी। जुल्फिकर अली के मरणोपरांत मुकदमा चला, कहा जाता है कि अंग्रेजों के साथ भिड़ंत हुई थी जिसमें वे शहीद हो गए थे। लेकिन अंग्रेजी हुकूमत मानने को तैयार नहीं थी, उन्हें भूमिगत मानती थी। ऐसे में ब्रिटिश अधिकारियों ने उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया। दोषी करार दिया और संपत्ति जब्त- कुर्क कर नीलम कर दिया। इस संबंध में गया जिला अभिलेख कार्यालय के खंड संख्या 24, पृष्ठ 88-89 से 11 फरवरी, 1857 से 14 जून, 1858 के बीच तक भेजे गए विविध पत्रों से मुकदमे का निष्कर्ष निकलता है। यह पत्र ई.जे लौटोर एस्क्वायर, कमिश्नर, एक्ट 14 ऑफ़ 1857 गया को मजिस्ट्रेट डब्लू बटलर ने लिखा था।

अंग्रेजों ने ज़ुल्फ़िक़ार अली के ऊपर मुकदमा चलाया और घर संपत्ति जब्त-कुर्क, फिर नीलाम करने के बाद उनके परिवार पर जुल्म ढहना शुरू किया। अंग्रेजों के जिल्म सितम से ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज भी भूमिगत हो गए थे। 1857 विद्रोह के मद्देनजर अंग्रेजों ने ज़ुल्फ़िक़ार अली सहित उनके फ़ौज में शामिल कई लोगों के ऊपर मुकदमा चलाया था। इस आशय का एक पत्र जो ई.जे.लौटर एस्क्वायर, कमिश्नर (अंडर एक्ट 14 1857 गया) गया, को दिनांक : 17 अप्रैल 1858 को लिखा गया था।

**मुगल और ज़ुल्फ़िक़ार**

बिहार के इतिहास की किताबों में काजी ज़ुल्फ़िक़ार अली की जीवनी एवं शौर्यगाथा भले अंकित नहीं है, लेकिन उसको बताने वाले उनके वंशज आज भी जिंदा है। काजी ज़ुल्फ़िक़ार अली की पांचवीं पीढी (पौत्र के पौत्र के पुत्र) काजी अनवर अहमद से मिलें तो कई अज्ञात लेकिन दिलचस्प एवं महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती है। मुझे जो जानकारी मिली आप सब से साझा कर रहा हूँ। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शेख अनवर अहमद के पास अपने पूर्वज अमर योद्धा ज़ुल्फ़िक़ार अली से ही नहीं बल्कि अपनी बारह पीढ़ी पूर्व के इतिहास से संबंधित कई ऐतिहासिक मूल दस्तावेज है। जो अपने आप में इतिहास है, और खुदा बक्श लाइब्रेरी, पटना में सुरक्षित हैं। जिन्हें अनवर अहमद ने आर्थिक अभाव में खुदा बक्श लाइब्रेरी को बेच दिया है। इन दस्तावेजों के अनुसार काजी ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज सोवियत संघ के बल्ख से बिहार, भारत आए थे जो अब रूसी महासंघ में है। इसलिए इनके नाम के अंत में बल्खी जुड़ा है।

मुगल सम्राट अकबर के समय कई विदेशी यात्री भारत आए थे उनमें कई अति बुद्धिमान और योग्यता वाले व्यक्ति थे। उनमें से कई को प्रशासन की विभिन्न विभागों में रख लिया गया था। इन्हीं में से एक नाम था शेख सदर जहान फारूखी बल्खी, जो बल्ख से आए थे। ज़ुल्फ़िक़ार के वंशज शेख सदर जहान, मदीना के दूसरे खलीफा हजरत उमर फारूखी के वंशज थे। जुल्फीकार अली शेख सदर जहान फारूखी के वंशज सूची में आठवें स्थान पर हैं।

मुग़ल सम्राट अकबर ने शेख सदर जहान फारूखी बल्खी के गुण, विद्वता और प्रखर बुद्धि को देखकर अपने प्रशासन विभाग में रख लिया था। दिन दुनिया प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 1950 में लेखक मुफ्ती शौकतअली फाहमी की प्रकाशित पुस्तक 'हिदुस्तान मुगलिया हुकूमत', की चर्चा करते हुए ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज काजी अनवर अहमद की पत्नी रूखशाना खातून बताती है कि 1606 में मुगल शासक अकबर की जब मौत हुई थी उस समय शेख सदर जहान फारूखी बल्खी ने कलमा पढ़ाया और खुद सूरह यासीन पढ़ा।

अकबर के बाद मुग़ल शासक शाहजहाँ ने चर्चित शायर 'मुंशी दुर्गा सहाय सरवर जहानाबादी के वंशज को प्रबंधक बनाकर शेख सदर जहान फारूखी बल्खी के पोता गयासुद्दीन फारुखी बल्खी के साथ जहानाबाद भेजा था, जब ये जहानाबाद आये (1654-55) तो यहां आबादी नाम की चीज नहीं थी, जमीन बंजर थी, ऐसे में मुग़ल शासक शाहजहां तक बात पहुंची। इलाके को देखने खुद मुगल शासक शाहजहां आये भी और मसौढी में बंद पडे एक मस्जिद के बाहर नमाज भी पढी थी। मुग़ल शासक द्वारा गयासुद्दीन फारुखी बल्खी को परगना ओकरी और भेलावर का काज़ी नियुक्त किया था। ये दौलतपुर नामक स्थान पर रह कर प्रशासन का सारा कार्य संपादित करते थे। उन्हें प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकार भी दिये गये थे। जैसा कि मुगल शासन काल में ओकरी और भेलावर (वर्तमान गया जिला में स्थित है) प्रांतों की राजधानी थी और काजी ही उस समय के न्याय दीप्ति होते थे। और काजी शेख सदर जहान, जो दितीय खलीफा हजरत उमर फारूक के वंशज थे। ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज कहते हैं कि मौलवी शेख सदर जहान के नाम पर उस इलाके का नाम जहानाबाद हुआ था। यह भूमि मुगल शासक ने उन्हें उपहार स्वरूप दी थी। जबकि बिहार सरकार के अधिकारिक जहानाबाद जिला के वेब साईट पर शहर के नामकरण की इतिहास कुछ और कहती है, 'जहानाबाद के जिले में भारत के इतिहास में एक निश्चित स्थान है वर्णन प्रसिद्ध किताब 'ऐन-ए-अकबारी' में पाया गया है किताब कहती है कि 17 वीं शताब्दी में अकाल से इस स्थान पर बुरी तरह प्रभावित हुआ था और लोग भूख से मर रहे थे। मुगल सम्राट औरंगजेब, जिनके समय में पुस्तक को फिर से लिखा गया था, ने लोगों की राहत के लिए एक मंडी की स्थापना की और 'मंडी' का नाम 'जहाँआरा' रखा। जहाँआरा, शाहजहाँ की बड़ी बेटी का नाम था और ताजमहल में शाहजहाँ के कैद दौरान साथ में वो भी थी।

मंडी जहाँआरा के प्रत्यक्ष नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन थे। यह माना जाता है कि उसने यहां बहुत समय बिताया है। समय के दौरान, जगह 'जहाँआराबाद' के रूप में और बाद में 'जहानाबाद' के रूप में जाना जाने लगा'।

जहाँ तक ज़ुल्फ़िक़ार अली के क्रांतिकारी तेवर का सवाल है तो यह अचानक नहीं हुआ था बल्कि ज़ुल्फ़िक़ार अली जब 13-14 साल के थे, तब से ही उनके दिलों दिमाग में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आक्रोश भर गया था। माना जाता है कि 1820 से ही ज़ुल्फ़िक़ार अली अंग्रेजों के खिलाफ गोलबंद हो गये थे। वजह थी, इसी वक्त अंग्रेजों ने कई तरह के टैक्स लगाये थे, इसी को लेकर जमींदार, राजा और जनता परेशान थे। अंग्रेजों का जुल्म-सितम की कहानी सुन-सुनकर ज़ुल्फ़िक़ार अली ने अपने अंदर अंग्रेजों के खिलाफ नफरत भर लिया था, वे उसी समय तेज तर्रार और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ गोलबंदी को लेकर पूरे ईलाके में चर्चित हो गये थे, आस पास के राजा अपने बैठकों में उन्हें बुलाते थे। बैठक अंग्रेजी हुकूमत के जुल्म सितम के खिलाफ होती थी। ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज काजी अनवर अहमद की पत्नी रूखशाना खातून बताती है कि झूठा आयोजन (शादी- विवाह आदि) कर बैठकें होती थीं ताकि अंग्रेजों को पता तक न चल सके। संभवत ऐसी ही बैठकों में बाबू कुंवर सिहं ने ज़ुल्फ़िक़ार अली के अंग्रेजों के खिलाफ तेवर को देखा था। अनवर अहमद के पास मुगल बादशाह का वह फरमान भी उपलब्ध है, (जो स्वर्णाक्षरों में अंकित है) जिसमें उनके पूर्वजों को काजी नियुक्त कर उन्हें मरव्वंज-ए-मिल्लत-ए-वैजा-ए-शरीयत-घराना से अलंकृत किया गया था। शेख काजी सदर जहान फारूखी बल्खी के बाद उनके वंशजों ने ही प्रायः उस पद पर कार्य किया। उसी वंश की आठवीं पीढ़ी में आते हैं ज़ुल्फ़िक़ार अली। जिन्होंने 1857 की प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में अपना सर्वस्व कर दिया था।

14 अप्रैल 1807 में काजी ज़ुल्फ़िक़ार अली का जन्म तत्कालीन गया जिले के जहानाबाद अंतर्गत ओकरी और भेलवार तालुका के काजी परिवार में काजी दौलतपुर में हुआ था। उनके पिता का नाम शेख काजी मोहम्मद अनवारूल्लाह फारूखी बल्खी था। जबकि उनके दादा जी का नाम शेख काजी मोहम्मद मनवररुल्लाह फारूकी बल्खी था। एतिहासिक दस्तावेज़ को जो भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार में आज भी सुरक्षित है। ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज की शुरुआत मौलवी शेख सदर जहान फारूखी बल्खी से जो बल्ख से आए थे और भारत में उनके वंश को अगर देखें तो क्रम एक से 13 तक है। उनका वंश चला और वे काजी बनते रहे। क्रम 13 यानि शेख काजी अनवर अहमद उर्फ अफरोज को दो पुत्र है जो वर्तमान में बल्खी वंश को आगे बढ़ा रहे हैं। काज़ी अनवर अहमद बताते है कि ज़ुल्फ़िक़ार अली ने 1857 के संग्राम के पूर्व ही अपनी फौज को पूरी तरह से तैयार किया था और बाबू कुंवर सिंह का संकेत मिलते ही ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जेहाद बोल दिया था। वे बताते है कि वीर कुंवर सिंह के निर्देश पर ज़ुल्फ़िक़ार अली अपनी फौज के साथ अगस्त 1856 में मेरठ कूच कर गये थे। रास्ते में उन्हें विपरीत मौसम एवं परिस्थितियों में ब्रिटिश फौज का सामना करना पड़ा था। उस जंग में मात खाकर उन्हें काजी दौलतपुर लौट आये और फिर फ़ौज को संगठित किया। पुनः तैयारी की और जनवरी, 1857 की जंगे-आजादी में कूद पड़े। इस बार उन्हें हारकर लौटना मंजूर नहीं था। अंतिम दम तक अंग्रेजी सेना को रौंदते हुए वे शहीद हुए।

काज़ी अनवर अहमद यह बताने में असमर्थ है कि ज़ुल्फ़िक़ार अली की मौत 1857 के किस महीने में हुई लेकिन वे यह जरूर बताते हैं कि ज़ुल्फ़िक़ार अली की मृत्यु के वक्त उनके पुत्र काजी मोहम्मद जमालुल हक सिर्फ 12 वर्ष के बच्चे थे। शेख ज़ुल्फ़िक़ार अली की मौत के बाद ब्रिटिश सत्ता ने उनकी जागीर को तहस-नहस ही नही किया बल्कि उनके परिवार को भी तबाह करने की ठान ली थी। जब अंग्रेजी फ़ौज ने हमला बोला तो ज़ुल्फ़िक़ार अली के घर में काम करने वाले महादेव दास ने 12 साल के ज़ुल्फ़िक़ार अली के बेटे काजी मोहम्मद जमालुल हक तथा उनके परिजनों को बचाकर भूमिगत हो गये थे। महादेव दास के वंशज त्रिवेणी दास आज गाँव में रहते है और इस बात को अपने वंशजों से सुन सुनकर अपने जेहन में बसाये हुए है। ज़ुल्फ़िक़ार अली पर मुकदमा के बाद अंग्रेजों ने उनकी सम्पति को कुर्क-जब्त कर नीलम कर दिया था, लेकिन औरतों की सम्पति पर कब्जा नहीं जमाया था, ऐसे में ज़ुल्फ़िक़ार अली के वंशज भूमिगत होने के बाद जब वापस आये तो अपनी मां की सम्पति पर आकर बस गये। काज़ी अनवर अहमद अपने दादा-दादी से सुनी कहानियों के आधार पर बताते हैं कि स्व. ज़ुल्फ़िक़ार अली का परिवार 1857 से 1900-1910 तक भूमिगत एवं गुमनामी की जिंदगी जीता रहा। करीब 60 वर्षों की भूमिगत जिंदगी के बाद ज़ुल्फ़िक़ार अली का परिवार पुनः आजादी के आंदोलन में खुलकर तब सामने आया, जब देश की राजनीति में महात्मा गांधी का पदार्पण हुआ। देखते ही देखते ज़ुल्फ़िक़ार अली के परपौत्र जैनुल हक (काजी अनवर अहमद के पितामह) का जहानाबाद स्थित आवास 'क्रांतिकारियों' का केंद्र बन गया था।

बचपन की भूलती यादों के सहारे अनवर अहमद बताते हैं कि उनके दादा के निवास पर महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, खान अब्दुल गफ्फार खान जैसे नेता आये थे। लेकिन आज देश की बात तो दूर, बिहार भी न ज़ुल्फ़िक़ार अली की शहादत्त को कोई याद करता है और न उनके वंशजों की खोज-खबर लेता है? आज ज़ुल्फ़िक़ार अली का वंशज आजाद देश में भी आर्थिक थपेड़ों को झेलने में खुद को असमर्थ पा रहा है। आर्थिक थपेड़ों ने अनवर अहमद एवं उनके परिवार को इस कदर जर्जर कर दिया है कि वे शहीद ज़ुल्फ़िक़ार अली की 'स्मृतियों' को जिन्दा रखने में भी अशक्त दिखते हैं। उम्र के आखरी पड़ाव पर होने के बावजूद वे उन स्मृतियों को सहेजने की चिन्ता सीने में लिए रहते है। वे शिकायत भी करते हैं कि जुल्फिकर अली की 'स्मृतियों' को जिन्दा रखने की चिंता न बिहार की जनता को है और न सरकार को। वे खुद सहेजे हुए हैं। इतिहास के पन्नों को सिने से लगाये हुए है। लेकिन कब तक? अनवर अहमद की आँखें शहीद ज़ुल्फ़िक़ार अली की शौर्य गाथा सुनाते-सुनाते भर जाती है। हाथ काँपने लगते हैं। आंखे पथराती जा रही है लेकिन सवाल पूछती भी है कि देश की आजादी के लिए शहीद ज़ुल्फ़िक़ार अली को कब सम्मान मिलेगा?

# युवा, गणतंत्र दिवस एवं राष्ट्र की एकता-अखंडता

डॉ ध्रुव कुमार

गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक आत्मसम्मान, संवैधानिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का उत्सव है। 26 जनवरी 1950 को भारत ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक स्रोत जनता है और देश का भविष्य उसके जागरूक नागरिकों, विशेषकर युवाओं के हाथों में सुरक्षित है।

**युवाओं के लिए गणतंत्र दिवस का अर्थ**–नए दौर का युवा तकनीक, सूचना और वैश्विक संपर्कों के युग में जी रहा है। उसके सामने अवसर भी अधिक हैं और चुनौतियाँ भी। ऐसे समय में गणतंत्र दिवस युवाओं को यह बोध कराता है कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और न्याय तभी सार्थक हैं, जब युवा इन मूल्यों को अपने आचरण में उतारें। गणतंत्र दिवस युवाओं को यह प्रेरणा देता है कि वे केवल दर्शक न बनें, बल्कि लोकतंत्र के सक्रिय सहभागी बनें, मतदान करें, प्रश्न पूछें, संवाद करें और राष्ट्रहित में रचनात्मक भूमिका निभाएँ। यह दिन उन्हें यह भी सिखाता है कि डिजिटल मंचों पर जिम्मेदार नागरिक की तरह सत्य, संयम और संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखें। भारत विविधताओं का देश है। भाषा, धर्म, संस्कृति, खान-पान और परंपराओं की असंख्य रंगतें यहाँ साथ-साथ सांस लेती हैं। गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि यही विविधता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार देकर राष्ट्रीय एकता की मजबूत नींव रखी है।

नए दौर के युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे संकीर्णता, क्षेत्रवाद और वैमनस्य से ऊपर उठकर भारत यानी देश को प्राथमिकता दें। जब युवा जाति, भाषा या विचारधारा के भेद से परे होकर एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, तब राष्ट्र की अखंडता स्वतः सुदृढ़ होती है। आज का युवा सैनिक भी है, वैज्ञानिक भी, किसान भी, उद्यमी भी और शिक्षक भी। उसकी सोच, ऊर्जा और नवाचार राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि वे भ्रष्टाचार, असमानता और हिंसा के विरुद्ध संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े होंगे तथा सद्भाव, सहिष्णुता और सहयोग को बढ़ावा देंगे। गणतंत्र दिवस नए दौर के युवाओं के लिए केवल परेड देखने या अवकाश का दिन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और राष्ट्रीय संकल्प का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संविधान हमारा मार्गदर्शक है और एकता-अखंडता हमारी सबसे बड़ी पूंजी। यदि युवा इस भावना को हृदय में उतार लें, तो भारत न केवल सशक्त राष्ट्र बनेगा, बल्कि विश्व को लोकतंत्र, विविधता और मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण भी देगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ

## सभी योग्य नागरिकों से मतदाता बनने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन अपर समाहर्ता ब्रजकिशोर चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं मतदाताओं द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संदेश का श्रवण किया गया। अपने संदेश में उन्होंने सभी योग्य नागरिकों से मतदाता बनने की अपील की। साथ ही उन्होंने विगत वर्ष बिहार में संपन्न एसआईआर कार्य को सफलतापूर्वक एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न होने का उल्लेख करते हुए इसे भारत निर्वाचन आयोग के प्रति मतदाताओं के बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया। इसके उपरांत अपर समाहर्ता द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिसके माध्यम से निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक मतदान के महत्व पर बल दिया गया। इसके पश्चात उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जिले में मतदान प्रतिशत, मतदाताओं की संख्या एवं मतदाता सूची से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए गए।अंत में अपर समाहर्ता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं युवाओं से अपने-अपने क्षेत्र में योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु सहयोग करने की अपील की तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कोषागार पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, युवा एवं कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथ के पदाधिकारी और मतदाताओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ली। जानकारी देते हुए बूथ स्तरीय पदाधिकारी ने बताया कि लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ मतदाताओं ने अपने बूथ पर ली। वहीं बूथ स्तरीय पदाधिकारी की शपथ समारोह का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में किया गया।मौके पर अंचल गार्ड,शिक्षक बसंत कुमार, नीरज कुमार,ष्ण कुमार सहनी, नवनीत कुमार, संतोष चौरसिया, पवन कुमार, गौतम कुमार सहनी, चंदन ठाकुर आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन की ली गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया तेघरा विधानसभा के बरौनी प्रखंड अंतर्गत मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर बरौनी प्रखंड के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनू रंजन बरौनी आरो राम विनय ठाकुर बरौनी विकास कुमार शर्मा एल डी सी, रतीश रमन रश्मि नजीर बाबू, दिनेश प्रसाद यादव,पंकज प्रभात, रवि कुमार, सरोज कुमार, सुधीर कुमार पंडित, बरुण कुमार, अनिल ठाकुर अब्दुल कुद्दूस आदि उपस्थित हुए एवं मतदान की परंपरा एवं स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी शपथ लिया गया निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर नालन्दा डीएम को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अधिवेशन भवन, सिंचाई भवन परिसर, पटना मे 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नालंदा जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल, पारदर्शी, स्वच्छ, निष्पक्ष संचालन, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों तथा उत्कृष्ट निर्वाचन प्रबंधन के लिए प्रदान किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह सम्मान जिले भर के संपूर्ण युवा / महिला/ पुरुष/वृद्धजन मतदाताओं, निर्वाचन पदाधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, मीडिया बंधुओं के प्रयास से ही प्राप्त हुआ है। जिलेभर के मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों, पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नालंदा जिला लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। नालंदा जिला अंतर्गत सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न हुआ है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नालंदा जिला में मतदाता की सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## लोगों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें मताधिकार के महत्व से अवगत कराना है। इस दिवस का प्रमुख लक्ष्य नए मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को, मतदाता सूची में नामांकन हेतु प्रेरित करना एवं उन्हें निर्भीक, निष्पक्ष और नैतिक





मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही यह दिवस यह संदेश देता है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से यह भी प्रयास किया जाता है कि हर पात्र नागरिक बिना किसी भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करे और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सहभागी बने। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उन्होंने शपथ भी दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए या शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विभागीय जांच, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला स्वीप आईकॉन, जिला स्वीप आइकॉन दिव्यांगजन सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भगवान के मोक्ष कल्याणक के साथ पावापुरी पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न

### पावापुरी की वादियों में गूंजा गायक दीपक जैन का भक्ति तराना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भगवान के मोक्ष कल्याणक के साथ पावापुरी में आयोजित श्री मज्जिनेंद्र चौबीसी पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न हो गया। विगत 21 जनवरी से शुरू पांच दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन रविवार की प्रातःकालीन बेला में श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक, महाशांति धारा एवं भगवान के ज्ञान कल्याणक की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत विश्वशांति यज्ञ में सहभागिता निभा विश्वशांति एवं प्राणी मात्र के कल्याण की कामना की। भगवान महावीर के मोक्ष प्राप्त



करने संबंधी प्रक्रिया सुनिश्चित होने के पश्चात उनके नख व केश विसर्जन की प्रक्रिया पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुई। दोपहर बेला में श्रीजी की भव्य यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भगवान महावीर के जयघोष से पावापुरी की धरती गुंजायमान हो उठी। इस दौरान श्रद्धालुओं को क्षेत्र पर विराजमान श्रमण मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज का मांगलिक उद्बोधन के श्रवण एवं उनके मंगल आशीर्वाद का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुनि श्री के मार्गदर्शन में पूरे विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठित प्रतिमाओं को नियत स्थान पर विराजमान किया गया। इसके पूर्व, इस पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान मोक्ष कल्याणक की पूर्व संध्या पर पावापुरी की वादियों में गायक दीपक जैन की भक्ति का तराना गुंजा। आयोजन के महासंयोजक महाप्रबंधक विजय कुमार जैन के नेतृत्व में आयोजित इस पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की सफलता में पावापुरी क्षेत्र प्रबंधक अरूण कुमार जैन, कमल जैन, सुभाष कुमार जैन, वैशाली क्षेत्र प्रबंधक महेश कुमार जैन, कुंडलपुर क्षेत्र प्रबंधक जगदीश जैन, मंदारगिरी क्षेत्र प्रबंधक पवन जैन, राजगृह के रवि जैन, संजीत जैन, मुकेश जैन, बैद्यनाथ जैन, प्रेमलता जैन, मनीष जैन, मलयागिरी के धनंजय जैन व अजय जैन सहित क्षेत्रो से जुड़े सभी लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## चोरी गए पांच एंड्रॉयड फोन बरामद, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अंकोढ़ीगोला।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। आवेदक अर्पित कुमार पुत्र सरोज सिंह, निवासी ग्राम-बसंतपुर, थाना-अकोढ़ीगोला, जिला-रोहतास के मोबाइल चोरी होने संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर थाना पुलिस द्वारा कंाड दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित जांच एवं छानबीन करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों के पास से चोरी का माल बरामद किया। उक्त अभियुक्तों के पास से आवेदक अर्पित कुमार का चोरी गये मोबाइल फोन सहित अन्य 04 चोरी के एंड्रॉयड मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध उचित धाराओं में कंाड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा चोरी की अन्य घटनाओं में संलिप्तता की जांच जारी है तथा शेष बरामदगी/अभियुक्तों की तलाश जारी है। लोगों से अपील की गई कि वे ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत निकटतम थाना या पुलिस हेल्पलाइन पर दें। रोहतास पुलिस अपराधियों के खिलाफ सतत एवं सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नागरिक सहभागिता और...

बढ़ा रही है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, स्वयं सहायता समूहों, खेल जगत में महिलाओं की उपलब्धियों और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक पहल बताया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण को आज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि पर्यावरण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में भारत ने विश्व समुदाय का मार्गदर्शन किया है। प्रकृति के साथ समन्वित जीवन-शैली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है और यही सोच विश्व समुदाय को दिए गए संदेश 'लाइफ फॉर एनवायरनमेंट' यानी 'लाइफ' का आधार है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे प्रयास किए जाएं, जिससे भावी पीढ़ियों के लिए धरती माता के अनमोल संसाधन सुरक्षित रह सकें। राष्ट्रपति ने किसानों के कल्याण, जनजातीय समाज के विकास, गरीबी उन्मूलन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं का उल्लेख किया। डिजिटल भुगतान, तकनीक आधारित शासन, सुशासन और जनभागीदारी को उन्होंने विकसित भारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और आत्मनिर्भरता व स्वदेशी विकास इसके मूल मंत्र हैं। सुरक्षा के क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने सेनाओं की क्षमता पर पूर्ण विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सियाचेन बेस कैंप पहुंचकर मैंने बहादुर सैनिकों को अत्यंत विषम परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तत्पर और उत्साहित देखा। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, सुखोई और राफ़ेल में उड़ान भरने का अवसर भी मुझे मिला। मैं वायु सेना के युद्ध-कौशल से अवगत हुई। मैंने भारतीय नौसेना के स्वदेश में निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत की असाधारण क्षमताओं को देखा। मैं नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में समुद्र की गहराइयों तक गई। संबोधन के अंत में राष्ट्रपति ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से कार्य करने का आह्वान करते हुए सभी देशवासियों के सुख, शांति और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## पीड़ित परिवार को दी गई सहायता राशि

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली पंचायत अंतर्गत गोपालपुर टोला पशुपति विगहा निवासी महेंद्र यादव के पुत्र व ट्रक ड्राइवर संतोष यादव की कोलकाता में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद ड्राइवरों ने मृतक के परिजन को 14 लाख दो हजार एक सौ सड़सठ रुपये की आर्थिक मदद की है। यह राशि चंदा इकट्ठा कर ऑनलाइन माध्यम से भुगतान की गई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखण्ड के बिझो गांव निवासी मुंद्रिका मुसाफिर ने बताया कि जय बजरंगबली ड्राइवर व्हाट्सअप ग्रुप के एडमिन गोपाल कुमार एवं मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में नवादा, जमुई एवं शेखपुरा जिला के विभिन्न गांवों से जुड़े ड्राइवर ने सहयोग के रूप में लगभग 14 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है।

## विश्वविद्यालय में एआई और फॉर्सेनिक साइंस की पढ़ाई जल्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आगामी 28 जनवरी को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की सीनेट बैठक होनी है। ऐसे में रविवार को कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अभिषद की बैठक बुलाई गई। बैठक में अकादमिक सत्र 2026- 2027 के बजट की अंतिम समीक्षा के साथ ही प्रशासनिक और शैक्षणिक मुद्दों से संबंधित पटल पर रखे मदो के संवर्द्धन हेतु सदस्यों ने अपने विचार रखें। सिंडिकेट सदस्यों ने इस सत्र के बजट में सभी पेंशन लाभार्थियों के नाम सहित राशि को रेखांकित करने का सुझाव दिया। नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में वर्ष 2032 तक अनुदानित विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में



पहल का स्वागत सदस्यों ने सर्व सम्मति से अनुपालित किया। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और फॉर्सेनिक साइंस में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी और पीजी कोर्सेज लागू करने की दृष्टि से सिंडिकेट सदस्य सुजीत कुमार के समन्वय में उच्च अधिकारियों के सहयोग से क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत चार लैब खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य लनामिवि को अनुदानित विश्वविद्यालय बनाना होगा। इसके अंतर्गत बिहार राज्य की पुलिस सेवा में चयनित अभ्यर्थी अथवा अन्य संस्थानों के जिज्ञासु फॉर्सेनिक विज्ञान और एआई में प्रशिक्षित हो सकेंगे। बैठक की कड़ी में मीना झा द्वारा पटल पर रखे प्रस्ताव को सदस्यों ने पास करते हुए बैठक के अध्यक्ष की सहमति प्राप्त की। मालूम हो कि इस निर्णय से नरगौना स्थित स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में अवस्थित म्यूजियम का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कुलपति ने इस बाबत साफ़ कर दिया कि म्यूजियम सिर्फ़ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए खुलेगा और इसका प्रायोजन स्टूडेंट प्रोजेक्ट, सेमिनार, कांफ्रेंस के लिए किया जाएगा। पीजी इतिहास के विभागाध्यक्ष इस म्यूजियम के कन्वेनर होंगे और अभियांत्रिकी अनुभाग, आई टी सेल एवं एस्टेट अनुभाग के सहयोग से पुनरुद्धार कार्य किया जाएगा। इस बैठक में प्रो बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू', प्रो दिलीप कुमार चौधरी, प्रो अशोक मेहता, प्रो विजय कुमार यादव, प्रो हरि नारायण सिंह, वित्तीय परामर्शी इंद्र कुमार, डॉ धनेश्वर प्रसाद, मीना झा, विधायक सुजीत कुमार, डॉ अमर कुमार थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर डीआरडीए सभागार, नवादा में जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए यह संकल्प लिया कि वे




अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए बिना किसी भय, प्रलोभन, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय अथवा भाषा के प्रभाव में आए बिना प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे मजबूत बुनियाद निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में एवं लोकतंत्र को जीवित रखने में भारत निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण योगदान है।भारत में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान मताधिकार प्राप्त है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक कर्तव्यों की याद दिलाने का एक सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि हर एक वोट देश के भविष्य की नींव रखता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नवादा; जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा; अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर; गोपनीय शाखा प्रभारी; स्थापना शाखा प्रभारी; प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी; जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अखंड श्री सीताराम संकीर्तन का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यालय पंचायत नावकोठी के पुरानी ठाकुरबाड़ी के वार्ड नंबर 6 में 24 घंटे का अखंड श्री सीताराम संकीर्तन की शुरूआत रविवार को देर शाम से हुई। पंडित सीताराम पाठक तथा यजमान चंदन कुमार ने संकीर्तन से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना की। मुखिया राष्ट्रपति कुमार, उपमुखिया विजय सहनी तथा उनके कैबिनेट के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर इस संकीर्तन का विधिवत आगाज किया। शिव शक्ति संकीर्तन मंडली रतौली के गवैया पप्पू कुमार के कीर्तन से वातावरण सीताराम मय हो गया। मौके पर संजीत कुमार, महेशष्ठ महतो, राजा विकास, कृष्ण नंदन जायसवाल, सुधीर रजक, सुधीर महतो, कन्हैया कुमार सहित आयोजक अर्जुन साह, अजय कुमार, संजय कुमार कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे।

### ऑटो पलटने से एक की मौत

**टिकारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार के देर रात गया कि और से आ रही ऑटो पंचानपुर पुल के समीप पलटने से एक सवारी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य छात्र घायल हो गया। मृतक की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के सियाडीह ग्राम निवासी राम कुमार सिंह के 40 वर्षीय पुत्र रणधीर कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार रणधीर गया स्टेशन से टिकारी ऑटो से आ रहे थे। ऑटो पर अन्य सवारी भी थे। तेज गति से आ रही ऑटो पंचानपुर पुल पर चढ़ते ही पलट गया जिसमें रणधीर ऑटो के नीचे दब गये। वहीं सीयूएसबी के समीप से पंचानपुर लौट रहा एक छात्र घायल हो गया। इसके अलावा अन्य सवारी ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होते ही भाग खड़े हुए साथ ही साथ ऑटो चालक भी ऑटो लेकर भाग खड़ा हुआ। घटना में घायल छात्र ने किसी तरह पंचानपुर थाना व डायल 112 को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया व मृतक की पहचान उसके मोबाइल पर आ रहे कॉल से की। घटना की सूचना स्वजनों को दी जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंपा। जानकारी हो कि रणधीर झारखंड उत्पाद विभाग में बतौर सहायक के पद पर तैनात थे व कोडरमा जिला में तैनात थे। जहां से ड्यूटी कर रणधीर घर लौट रहे थे।

### दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में नावकोठी निवासी श्रीकांत सिंह का पुत्र निलेश कुमार उर्फ करका तथा कांड संख्या 224/25 के अभियुक्त सुनील पाठक का पुत्र गोलू पाठक शामिल है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों पर नावकोठी निवासी दिनेश सहनी के साथ मारपीट करने एवं उससे रंगदारी मांगने का आरोप है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा 2 दिसंबर को नावकोठी थाने में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अलावा एस आई रंजीत कुमार,मो इस्माईल सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

### मां सरस्वती के जयकारे से गूंज उठा इलाका

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा के समापन के बाद शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ माता सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विभिन्न गांवों एवं चौक-चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं को पूजा समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ विसर्जन घाट तक ले जाकर विधिवत विसर्जित किया। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां एवं बच्चे शामिल हुए। जय मां सरस्वती के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रशासन द्वारा पूर्व से ही सुरक्षा के पुरा इंतजाम किए गए थे। नावकोठी थाना पुलिस एवं दंडाधिकारी विसर्जन स्थलों पर तैनात रहे। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### जय मां काली बखोरापुर में लगेगा हेल्थ कैंप

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 1 फरवरी 2026 को 11 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक जय मां काली मंदिर बखोरापुर, बड़हरा के परिसर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में पटना के सबसे टॉप चिकित्सक अपने पूरी टीम के साथ शामिल होंगे। मंदिर के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने बताया कि कैंप में सेंटर फॉर साइट पटना के डा शत्रुघ्न प्रसाद व सीईओ अमित सिंह द्वारा 8 सदस्यीय मेडिकल टीम बखोरापुर पहुचेंगी। जहां आंख से संबंधित ग्लूकोमा, रेटिना, लेंस, मोतियाबिंद का जांच व ऑपरेशन, निःशुल्क दवा व चश्मा वितरण होगा। जरुरत के अनुसार रोगी को पटना वाहन द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन भी मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से किया जाएगा। दूसरी ओर बुद्धा कैंसर हॉस्पिटल पटना के डायरेक्टर डा अरविंद कुमार, डा खालिद इकबाल, डा बी चौबे, मार्केटिंग से रंजन कुमार आ रहे है। मेडिकल टीम अत्याधुनिक मशीनो से सभी रोगियों का निःशुल्क जांच व इलाज की सुविधा मुहैया करा रहे है। वही कैंप में ब्लड बैंक के सुपरवाइजर मिथलेश कुमार का रक्तदान शिविर में लैब टेक्नीशियन के साथ मौजूदगी रहेगी। मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा रोगी पहुचें और अपना रजिस्ट्रेशन करा इलाज कराये। सभी जांच इलाज मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से हो रहा है। मौके पर डा लक्ष्मण तिवारी, कमल किशोर सिंह, रवि शंकर सिंह, सिद्धार्थ कुमार उर्फ दीपू जी समेत अन्य मौजूद थे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड मुख्यालय कौआकोल में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार एवं सीओ मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाना और अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। यह रैली ब्लॉक परिसर से शुरू हुई और रानीबाजार, कौआकोल बाजार से होते हुए वापस कस्तूरबा विद्यालय परिसर में जाकर समाप्त हुई। वार्डन साधना सिंह के निर्देशन में निकली रैली के माध्यम से लोगों को बताया गया कि मतदान केवल अधिकार नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है।

### शिक्षक संघ ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**नवादा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 12 जनवरी 2026 को विद्यालय जाने के क्रम में आलोक कुमार (प्रधानाध्यापक) और कुंदन प्रभात (विद्यालय अध्यापक), दोनों शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय परोरिया, प्रखंड मेसकौर, नवादा का सामने से आ रही अवैध बालू उत्खनन से लदे ट्रैक्टर द्वारा कुचले जाने से मोटरसाइकिल चालक कुंदन प्रभात की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और आलोक कुमार, प्रधानाध्यापक बुरी तरह से घायल हो गये जिनका इलाज पटना एम्स में चल रहा था। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिलाध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि प्रतिदिन अवैध बालू की उत्खनन की जा रही है। अवैध बालू उत्खनन के कारण ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में गाड़ी को ले जाते हैं। संघ ने विधानसभा अध्यक्ष बिहार विधानसभा पटना और जिला पदाधिकारी नवादा से अवैध बालू निकासी पर रोक और दोनों शिक्षकों का जिस ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हुई है उसके चालक की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाय।










# केवल उत्सव नहीं, जिम्मेदारी है गणतंत्र दिवस

26 जनवरी वह दिन है जब भारत ने खुद को पूर्ण रूप से स्वशासित राष्ट्र घोषित किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद जरूर हुआ, लेकिन तब तक भारत के पास अपना संविधान नहीं था। असली आज़ादी तब पूरी हुई जब देश अपने बनाए कानूनों से चलने लगा। यही वजह है कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने संविधान को अपनाकर खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सत्ता किसी व्यक्ति, राजा या सरकार की नहीं, बल्कि संविधान और जनता की होती है। यह दिन अधिकारों का उत्सव है, लेकिन उतना ही कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। 26 जनवरी को ही गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है? भारत एक गणराज्य देश कैसे बना और संविधान लागू होने के बाद क्या बदलाव आया। आइए जानते हैं गणतंत्र दिवस का इतिहास और महत्व। 26 जनवरी 1930 को भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। इसी ऐतिहासिक महत्व को सम्मान देने के लिए संविधान लागू करने की तारीख भी 26 जनवरी चुनी गई। करीब 2 साल 11 महीने और 18 दिन की मेहनत के बाद संविधान तैयार हुआ, जिसे डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने आकार दिया। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति बने। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 समाप्त हुआ। जनता सर्वोच्च शक्ति बनी। यहीं से भारत ने खुद को कानून से चलने वाला राष्ट्र घोषित किया। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड भारत की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता, राज्यों की पहचान को दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का प्रतीक है। आज जब लोकतंत्र, अधिकार और अभिव्यक्ति पर बहस तेज़ है, तब गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान स्थिर नहीं, जीवित दस्तावेज है। अधिकार तभी सुरक्षित हैं, जब कर्तव्य निभाए जाएं। गणतंत्र केवल उत्सव नहीं, जिम्मेदारी है।





बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग







**क्या करें :**

1. स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी रखा जाए। शीत लहर से पशुओं के बचाव की पूर्व तैयारी की ली जाए।
2. पशुशाला को सभी तरफ से ढ़कने (विशेषकर रात्रि में) की व्यवस्था की जाए ताकि सीधे तौर पर शीत लहर से पशुओं को बचाया जा सके।
3. पशुओं के बिछावन हेतु सूखे पुआल की व्यवस्था कर ली जाए।
4. शीतदंश (Frost Bite) से बचाव हेतु पर्याप्त रोशनी तथा गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों की व्यवस्था पूर्व में कर ली जाए।
5. पशुओं को कीड़ा मारने वाली दवा जाड़े के पूर्व दे दी जानी चाहिए एवं खुरपका–मुंहपका, पी0पी0आर0, इन्टेरोट्रॉकसीमिया रोग के विरूद्ध टीकाकरण कराना चाहिए।
6. पशुओं को सूखे एवं धुँआ रहित स्थानों पर रखा जाए।
7. मुर्गियों/पक्षियों को रखने के स्थान पर गर्मी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।
8. वाह्य परजीवियों से पशुओं को बचाने हेतु नारगुण्डी तथा लेमन ग्रास की पत्तियों को पशुशााला में टांगना चाहिए। नीम तेल से युक्त निस्क्रामक रसायनों (Disinfectant) का उपयोग किया जाना चाहिए।
9. जाड़े में पशुओं के शरीर को ढ़क कर रखा जाए।
10. पशुओं को संतुलित एवं नमक/इलेक्ट्रोलाईट से युक्त पूरक आहार देना चाहिए। खल्ली एवं गुड़ की अतिरिक्त मात्रा दिया जाना चाहिए ताकि शरीर गर्म रहे।
11. पशुओं को स्वच्छ नाद में हल्का गर्म पानी दिन में तीन–चार बार देना चाहिए।
12. पशुओं/पक्षियों के बीमार होने पर शीघ्र स्थानीय पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
13. बीमार, कमजोर एवं गर्भवती पशुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।
14. पशु शवों का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से एवं लोगों के निवास तथा जलस्त्रोतों से पर्याप्त दूरी रखते हुए किया जाना चाहिए।
15. आग के स्त्रोत पशुशाला से आवश्यक दूरी पर रखना चाहिए तथा अग्नि आपदा से बचाव के सभी नियमों का पालन किया जाना चाहिए।
16. पर्यावरण के अनुकूलन के साथ पशुशाला का निर्माण, जिसमे जाड़े में अधिकतम सूर्च–किरण एवं गर्मी में न्यूनतम रेडिएसन की उपलब्धता हो, कराया जाए।



**क्या न करें :**

1. शीत ऋतु में पशुओं को खुले में नहीं छोड़ना चाहिए।
2. ठंडा भोजन एवं पानी पशुओं को नहीं देना चाहिए।
3. पशुओं एवं मुर्गियों/पक्षियों को नमीयुक्त एवं धुँआ वाले स्थान पर नहीं रखना चाहिए, इससे Pneumonia का खतरा बढ़ता है।
4. पशुओं के चारागाह के रास्ते में पशु शवों का निस्तारण नहीं करना चाहिए।
5. बीमार पशुओं की चिकित्सा फर्जी चिकित्सकों से नहीं कराना चाहिए।

PR No.- 022501 (Animal)D. 2025-26

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित




आप सभी जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**शरीफा देवी**
जिला पार्षद
कोंच (उत्तरी), गया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**पियूष रंजन उर्फ रिशु सिंह**
अध्यक्ष
व्यापार मंडल मदनपुर सह पैक्स अध्यक्ष, सलैया
डायरेक्टर : सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आदित्य आनंद**
सहायक लोक स्वच्छता प्रबंधन पदाधिकारी
नगर परिषद, औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**नागेंद्र पासवान**
उप प्रमुख
तिलौथू (रोहतास)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**भूपेंद्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
प्राथमिक विद्यालय कनक सेमरिया
कारगहर (रोहतास)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मिथिलेश कुमार**
जिला परिषद सदस्य
प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-17
पालीगंज (पटना)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजय प्रसाद**
वार्ड पार्षद-12
नगर पंचायत
पालीगंज (पटना)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**दीपक कुमार**
वार्ड पार्षद 16
नगर पंचायत
पालीगंज (पटना)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. सोनाली श्रीवास्तव**
दांत व मुंह रोग विशेषज्ञ
आइडियल डेंटल हॉस्पिटल
महावीर मार्केट, मोतिहारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजय कुमार**
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री मध्य विद्यालय, शिवगंज
डिहरी ऑन-सोन (रोहतास)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**योगेंद्र प्रसाद**
प्रधानाध्यापक
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर दक्षिणी
चिरैया (पूर्वी चंपारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**ध्रुव देव बैठा**
प्रधानाध्यापक
राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लक्ष्मीपुर
चिरैया (पूर्वी चंपारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अरुण कुमार सुमन**
प्रधानाध्यापक
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खड़तरी पश्चिमी
चिरैया (पूर्वी चंपारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राष्ट्रपति कुमार**
मुखिया सह जिला
मुखिया संघ महासचिव
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अख्तर अंसारी**
वरिष्ठ समाजसेवी
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ एच.पी. हलधर**
(नि.) चांदसी चिकित्सालय
श्रीपुर रोड (गैस गोदाम)
घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संगीता कुमारी**
प्रधानाध्यापिका
उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजबनी
बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मधुरेश कुमार**
प्रधानाध्यापक
उच्च माध्यमिक विद्यालय, निमोईया
बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रजनीश कुमार तिवारी**
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय, मठिया
बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**लाल बाबु साह**
प्राचार्य
एम. जे. के. गर्ल्स कॉलेज
मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मिराज अंसारी**
प्रधानाध्यापक
राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रामपुर
चिरैया (पूर्वी चंपारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजय कुमार निराला**
प्रधानाध्यापक
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महुआवा पश्चिमी
चिरैया (पूर्वी चंपारण)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**चन्द्रशेखर सिंह**
पूर्व मुखिया सह सीपीआई
अंचल मंत्री
हसपुरा (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विमल कुमार साहा**
कनीय अभियंता, विद्युत प्रशाखा
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अशोक कुमार शर्मा**
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय रजाकपुर
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**उतम कुमार**
मंडल अध्यक्ष (भाजपा) सह-सदस्य
बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति
पालीगंज (पटना)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अरुण कुमार और विकास कुमार**
बीसीओ
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अमित कुमार**
व्यवस्थापक
जीडी अस्पताल
बखरी रोड, मंझौल (बेगूसराय)
अनुमंडल का इकलौता विश्वसनीय आईसीयू अस्पताल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राम विनोद सिंह उर्फ टुन्नी सिंह**
शाखा मंत्री, भाकपा
पूजा इंटरप्राइजेज
हसनपुर बागर, नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अजित कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा**
मुखिया
अहियापुर, हसपुरा (औरंगाबाद)




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सरोज देवी**
प्रखंड प्रमुख
रजौली (नवादा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्वेता भारती**
मुखिया
रजाकपुर, प्रखंड -नावकोठी
बेगूसराय

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अशोक कुमार**
पैक्स अध्यक्ष, समसा
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मोनू कुमार**
मोनू इंडेन गैस एजेंसी
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विजय पासवान**
मुखिया
हसनपुर बागर, नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सूरज कुमार**
अंचलाधिकारी
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अनीता देवी**
प्रखंड प्रमुख
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीकांत**
कार्यक्रम पदाधिकारी
नावकोठी (बेगूसराय)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव**
अध्यक्ष सह-प्रदेश उपाध्यक्ष राजद
शिक्षक प्रकोष्ठ
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मैमून निशा**
कार्यपालक पदाधिकारी
रफीगंज (औरंगाबाद)

# ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल : उपेन्द्र

## भरुब और कझवां गांव को जोड़ने वाली सड़क का होगा निर्माण : विधायक

## रजत जयंती समारोह में मंत्री-विधायक समेत दिग्गजों का जमावड़ा, सर्वेश कुमार के कार्यों को मिली सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के भरुब रोड स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन विद्यालय में रजत जयंती समारोह रविवार को अत्यंत भव्यता, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक विकास के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बना। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आना मेरे लिए कोई व्यवसाय नहीं, बल्कि एक संकल्प और मिशन है। अपने क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करने के लिए जो भी करना पड़े, मैं उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा। श्री कुमार ने बताया कि विद्यालय अब सभी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जिससे विद्यार्थियों को समयानुकूल, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। विद्यालय किसी एक धर्म, जाति या संप्रदाय का नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करने वाला संस्थान होता है। बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक अनुभव होता है। यहां आकर मुझे अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियां ताजा हो गईं। लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल औरंगाबाद एवं ओबरा क्षेत्र का एक अत्यंत प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा ने विद्यालय को औरंगाबाद एवं ओबरा क्षेत्र की शैक्षणिक धरोहर बताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भरुब और कझवां गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शीघ्र



कराया जाएगा जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी आवागमन में लाभ होगा। वहीं दाउदनगर के एसडीएम अमित रंजन ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों से भी सशक्त किया जाना चाहिए।

### आकर्षण का केन्द्र बने कार्यक्रम

समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शहीद नाटक एवं कजरी नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। विज्ञान प्रदर्शनी में 200 से अधिक मॉडलों ने सभी को प्रभावित किया जिन्हें विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से तैयार किया था। दशरथ मांझी द्वारा पहाड़ काटकर बनाई गई घाटी का मॉडल और मिनी एयर कंडीशनर विशेष रूप से प्रेरणादायक और आकर्षण का केंद्र रहे। शिक्षा में अनुशासन और निरंतरता को प्रोत्साहित करते हुए उन अभिभावकों को सम्मानित किया गया, जिनके बच्चों ने पूरे शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखी और अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही मेंटल एबीलीटी टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डा. धनंजय कुमार ने कहा कि बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझना आना चाहिए। कहा कि विद्यालय निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और अभिभावकों व विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने की दिशा में सतत अग्रसर है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मंच संचालन लगभग 20 विद्यार्थियों द्बारा विद्यालय के शिक्षक संजीत कुमार के साथ संयुक्त रूप से किया गया। लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल का रजत जयंती समारोह शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक चेतना का एक प्रेरणादायक उत्सव बनकर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय सिद्ध हुआ। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विकल ने अपने विचार रखे।

# देव क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे हरसंभव प्रयास : प्रभारी मंत्री

## देव में अचला सप्तमी पर तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पर्यटन विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को देव में अचला सप्तमी के अवसर पर तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन जिला के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, कुटुंबा विधायक ललन राम, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, डीएम अभिलाषा शर्मा, एसपी अंबरीष राहुल, एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीएम संतन कुमार सिंह, नगर पंचायत देव के चेयरमैन पिंटू साहिल और उपाध्यक्ष गोलू कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व बिहार गान की प्रस्तुति हुई। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा



कि देव क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। देव में प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद मेडिकल कालेज के निर्माण में भूमि संबंधी समस्या का समाधान शीघ्र होगा और देव की धरती पर मेडिकल कालेज बनेगा। समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के आगमन पर मेडिकल कालेज का शिलान्यास किया जाएगा। देव सर्किट के निर्माण, उमगा सहित अन्य धार्मिक स्थलों के विकास और औरंगाबाद में हवाई अड्डा निर्माण की भी बात कही गई। कुटुंबा विधायक ललन राम ने कहा कि देव में मेडिकल कालेज बनना तय है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने औरंगाबाद जिले का नाम देव रखने तथा कल्पवृक्ष धाम को पर्यटन विभाग से जोड़ने की मांग रखी। औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि देव विकास के मामले में बिहार का केंद्र बनेगा। मेडिकल कालेज से जुड़ी फाइल स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच चुकी है और न्यास बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल गया है। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि देव जिले की शान है और यहां मेडिकल कालेज का निर्माण निश्चित है। ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा ने कहा कि देव बिहार के इतिहास और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन कृष्ण कुमार, डीपीएम मोहम्मद अनवर आलम, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह, जिला परिषद सदस्य देव गायत्री देवी, लोक जनशक्ति पार्टी जिलाध्यक्ष सोनू सिंह, सुनील चौबे, हरेंद्र सिंह, निर्णय कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संगठन को प्रभावी बनाने पर जिलाध्यक्ष महंथ स्वरूप का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ की प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक औरंगाबाद में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नयी प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, कर्मचारियों के हितों की रक्षा को लेकर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से प्रमोद कुमार रवि को प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष रामनिवास राम, उपाध्यक्ष महेन्द्र रजक, संयुक्त सचिव सुरेन्द्र कुमार, प्रखंड प्रभारी उमेश कु?मार, अंकेक्षक अमित कुमार, प्रचार सचिव राजेश कुमार, कार्यालय सचिव अनिल कुमार रजक, नागेन्द्र कुमार, प्रभु पासवान, कार्यकारणी सदस्य डॉ चन्द्रदीप राम, सुनील कुमार चौधरी, दिनेश चौधरी, राज कपूर, रंधीर कुमार को मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष सह कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप ने संगठन को मजबूत करने व कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघ कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा व उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। जिला प्रभारी सह वरीय उप समाहर्ता जय प्रकाश नारायण ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए जिला समिति से आग्रह किया कि संगठन के मजबूती के लिए प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को जिला कार्यकारणी एवं जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक रखकर समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान प्रर्यवेक्षक की भूमिका में पंचम कुमार रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महंथ स्वरूप ने की। इस अवसर पर दर्जनों कार्यकारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# लोकतंत्र की सबसे सशक्त नींव मताधिकार : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित नगर भवन परिसर में हर्षोल्लास के साथ 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बिहार राज्य गीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड के बच्चे, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पदाधिकारीगण, प्रेस प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, प्रेस प्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, जो प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मताधिकार को लोकतंत्र की सबसे सशक्त नींव

## मीडिया को किया गया सम्मानित




बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक मत राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी 1950 को, भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पूर्व हुआ था। वर्ष 2011 से निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई, जिसका उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है। इस वर्ष 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट है। जिले की निर्वाचन स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2279 मतदान केंद्र हैं। 22 जनवरी 2026 तक निर्वाचक सूची में कुल 18,32,749 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 9,69,789 पुरुष, 8,62,931 महिला एवं 29 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इनमें 42,041 युवा मतदाता, 9,678 वरिष्ठ नागरिक तथा 19,639 दिव्यांग मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब ई-ईपिक की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जिसके माध्यम से मतदाता कहीं से भी अपना डिजिटल मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अंत में उन्होंने जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 बूथ लेवल अधिकारियों एवं चुनाव कार्य के कवरेज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को मोमेंटो एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुग्रह नारायण सिंह, सदर संतन कुमार सिंह, इफ्तेखार अहमद, अविनाश प्रकाश, जिला सुनंदा कुमारी, कुमार पप्पू राज सहित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों में 46 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 46 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एनडीपीएस एक्ट में 4, एसटी-एससी एक्ट में 5, हत्या के प्रयास में 7, शराब मामले में 6 एवं अन्य शीर्ष कंाड में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 124 लीटर स्प्रिट एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। वहीं 30 वारंटों का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1205 वाहनों की जांच की गई जिसमें 51500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।



# गणतंत्र दिवस

विशेषांक-2026

खण्ड-2

औरंगाबाद, सोमवार 26 जनवरी 2026

# देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस हमारे देश की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं। बच्चों के लिए ये दिन संविधान और लोकतंत्र के महत्व को समझाने का एक शानदार मौका है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि यह पर्व केवल छुट्टी का दिन नहीं है, बल्कि हमारी जिम्मेदारियों और हमारे देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है, जिसे हर साल 26 जनवरी को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना था। यह दिन हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। गणतंत्र का मतलब है कि देश का शासन जनता के द्वारा, जनता के लिए और जनता के साथ होता है। इसमें हर नागरिक को अपने विचार व्यक्त करने और अपनी सरकार चुनने का अधिकार होता है। भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को तैयार हुआ था, लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। 26 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कंाग्रेस ने पूर्ण स्वराज का ऐलान किया था। हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमें न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना प्रदान



करता है। गणतंत्र दिवस पर देश की राजधानी दिल्ली में राजपथ पर भव्य परेड का आयोजन होता है। इसमें भारतीय सेना, पुलिस की झांकियां, एयरफोर्स शो आदि होते हैं। राष्ट्रपति तिरंगे झंडे को फहराते हैं और देश को संबोधित करते हैं। स्कूल, कॉलेजों और कार्यालय में भी झंडा फहराया जाता है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। भारत में हर साल दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व मनाए जाते हैं- स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)। इन दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाता है, लेकिन इन दोनों दिनों के ध्वजारोहण में एक बारीक अंतर होता है। अक्सर लोग इस अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं कि 15 अगस्त को क्या होता है और 26 जनवरी को क्या होता है? 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन जो प्रक्रिया होती है, उसे 'ध्वजारोहण' कहते हैं। इस दिन, झंडा नीचे बंधा होता है और प्रधानमंत्री उसे रस्सी खींचकर ऊपर उठाते हैं, फिर उसे फहराते हैं। यह प्रक्रिया इस ऐतिहासिक घटना का प्रतीक है जब 1947 में ब्रिटिश शासन का झंडा उतारकर भारतीय तिरंगा पहली बार फहराया गया था। 15 अगस्त को ध्वजारोहण का ऐतिहासिक महत्व यह है कि इस दिन भारत ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र हुआ था। इसलिए, झंडे को नीचे से ऊपर ले जाकर फहराना इस बात का प्रतीक है कि भारत ने गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर स्वतंत्रता प्राप्त की है। वहीं, 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के दिन जो प्रक्रिया होती है, उसे 'झंडा फहराना' कहते हैं। इस दिन, झंडा पहले से ही खंभे के ऊपर बंधा होता है और राष्ट्रपति केवल उसे खोलकर फहराते हैं। यह प्रक्रिया 1950 में भारत के गणतंत्र बनने और संविधान लागू होने का प्रतीक है। 26 जनवरी को झंडा फहराने का महत्व यह है कि इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था और भारत एक गणतंत्र बना था। इसलिए, झंडे को पहले से ही ऊपर बांधकर केवल फहराना इस बात का प्रतीक है कि भारत अब एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।



गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्णबल्लभ सिंह
उर्फ बबुआ जी
पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा
औरंगाबाद (बिहार)
उषा देवी
मुखिया
परसडीह (औरंगाबाद)


गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. चंदन कुमार
जिला उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल
बारून (औरंगाबाद)

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं

दिलीप कुमार सिंह
सदस्य, बिहार विधान परिषद
भारतीय जनता पार्टी
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सच्चिदानंद महाविद्यालय
(वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की अंगीभूत इकाई)
शाहमल खैरा देव (रोहतास)
S.N.COLLEGE, SHAHMAL KHAIRA DEO was established by the local people of the area with a vision that it will disseminate the knowledge of higher education among the needy section of the society and will become a frontrunner in teaching, learning and research, so that the fullest potential of the students will develop enabling them to compete with modern day challenges and opportunities, along with the quality of leadership that may inspire them to work for the advancement of the society and the nation. As the college is affiliated to Veer Kunwar Singh University, Ara, the regular curriculum and the syllabi of the courses are designed by the university and college strictly follows the prescribed regulation for smooth implementation.

डॉ. अजरा प्रवीण
प्राचार्या

गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले के नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं

प्रफुल्ल कुमार सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
सह, पूर्व जिला परिषद सदस्य
रीना देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत : बेरी
मदनपुर (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

उदय कुमार गुप्ता
मुख्य पार्षद
नगर परिषद
औरंगाबाद (बिहार)
औरंगाबाद शहर का समग्र विकास हमारा संकल्प

राजकीयकृत केशव उच्च विद्यालय (मॉडल विद्यालय)
सोननगर (बारून) औरंगाबाद
की ओर से
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला कुमारी
प्रधानाध्यापिका

PLEASE WEAR SEAT BELTS

WE PROMISE GOOD HIGHWAYS
YOU PROMISE SAFE DRIVING
ASHOKA
Ashoka Buildcon Ltd.

श्रेष्ठ एसआर
इंजीनियरिंग प्रा. लि.
पटना (बिहार)
बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के भवनों, आवास, कार्यालय, परिसर के निर्माण, उन्नयन सौंदर्यीकरण के वास्ते तकनीकी सलाह, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने, डिजायन, अनुश्रवण तथा निर्माण के लिए प्रतिष्ठित तथा प्रमाणिक कम्पनी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहार प्रदेशवासियों तथा सभी सम्मानित शिक्षाविदों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र श्रेष्ठ
निदेशक

ARSH Super Speciality Hospital — Quality Healthcare
Dr. Navneet Nishchal's
अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
Centre of Excellence for Advance Surgical & Medical Care
सुविधाएं
- एंजियोप्लॉस्टी, एंजियोग्रॉफी
- इकोकार्डियोग्राफी, टी.एम.टी
- पेसमेकर, होल्टर
- आर्थोस्कोपी - ज्वाइंट
- रिप्लेसमेंट सर्जरी
- स्पोर्टस सर्जरी
- MRI, CT SCAN
- डिजीटल एक्स-रे
- सोनोग्राफी
- वेंटीलेटर्स
- डायलिसिस
- मॉडलर ऑपरेशन थियेटर
- एण्डोस्कोपी एवं माइक्रोस्कोपी सर्जरी
- एण्डोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
- ब्रोनक्कोस्कोपी एण्ड थोराकोस्कोपी (एण्डो-ब्रोनवियल अल्ट्रासाउण्ड)
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी
- पैथोलॉजी एवं माइक्रो बायोलॉजी
- EEG, EMG, NCV, VERA
- 30 Beded ICU
- CCU, HDU, NICU
- 27X7 फार्मेसी
- 24x7 एम्बुलेंस सर्विस

पिछले 25 वर्षों से आपकी सेवा में

डॉ० नवनीत निश्चल
150 बेडेड अस्पताल
- इमरजेन्सी एवं ट्रामा सेन्टर
- हृदय रोग एवं हार्ट केयर
- सेन्टर
- शिशु रोग
- यूरोलॉजी
- मनोरोग
- हड्डी जोड़ एवं नस रोग
- गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी
- प्लास्टिक एण्ड रिकंस्ट्रक्शन
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- फिजियोथेरेपी
- नाक-कान गला
- नेफ्रोलॉजी
- न्यूरो एण्ड स्पाइन सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- मैक्सिलोफैसिअल एवं ओरल डेन्टल सर्जरी
- कैंसर
- नेत्र रोग
- फिजियोथेरिपी

A.P. Colony, Gaya, Bihar 9262260554, 9661913710 Emergency No : 9109519109

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक कुमार
अंचल अधिकारी
देव (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आप सभी को

हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्र प्रकाश
अंचल अधिकारी
कुटुम्बा (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
ई. अरविन्द कुमार चौधरी
कार्यपालक अभियंता
लघु जल संसाधन विभाग
सासाराम (रोहतास)

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर
औरंगाबाद जिले के सभी नागरिकों को
शुभकामनाएं एवं बधाई
परमेश्वर प्रसाद
उद्यमी
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मंटू हॉस्पिटल
दाउदनगर-औरंगाबाद रोड, तिवारी मुहल्ला, हनुमान मूर्ति के सामने, दाउदनगर (औरंगाबाद) मो.-7903939141,9934223057
24 घंटे इमरजेन्सी सेवा उपलब्ध
- I.C.U. - O.P.D. - MEDICINE - SURGERY
- LAPROSCOPY SURGERY - ORTHO SURGERY - PATHOLOGY - CTG - ECG

डॉ मंटू कुमार
संचालक

# वीरों की भूमि है बिहार

बिहार की भूमि वीरप्रसू रही है। बिहार की उर्वर धरा ने देश को वीर कुंवर सिंह, अमर सिंह, पीर अली, देशभूषण मौलाना मजहरुल हक़, डा. सच्चिदानंद सिन्हा, डा. राजेन्द्र प्रसाद, योगेन्द्र शुक्ल, बैकुंठ शुक्ल, चंद्रमा सिंह, चुनचुन पाण्डेय, जगत नारायण लाल, रामप्यारी देवी, रामचंद्र शर्मा, नरसिंह नारायण, श्रीकृष्ण सिंह, जयप्रकाश नारायण, ब्रज किशोर प्रसाद, रामनंदन मिश्र, रामदयालु सिंह, श्यामबिहारी लाल, तिलका मांझी, जुब्बा साहनी, जगलाल चौधरी, दरोगा प्रसाद राय जैसे स्वाधीनता सेनानी और क्रांतिकारी दिए। इसी भूमि पर राष्ट्रपिता के सत्याग्रह का श्रीगणेश हुआ जिसकी सफलता ने मोहनदास को महात्मा बनाया। बाबा तिलका मांझी (जो जबरा पहाड़िया के नाम से प्रसिद्ध थे) पहले आदिवासी नेता थे जिन्होंने मंगल पांडे से नब्बे वर्ष पूर्व ही 1784 ई. में अंग्रेजों के विरुद्ध हथियार उठाए। उन्होंने आदिवासियों को एक सशस्त्र समूह के रूप में संगठित किया क्र तिलका मांझी का नाम देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी और शहीद के रूप में लिया जाता है। किन्तु इतिहास के पन्नों में तिलका मांझी उपेक्षित से दिखते हैं। हालांकि पहाड़िया समुदाय के लोकगीतों और कहानियां उनके आदि विद्रोही होने का अकाट्य दावा पेश करती हैं । भारत में ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने वाले पहले लोकप्रिय आदिविद्रोही तिलका मांझी पहाड़िया समुदाय के वीर आदिवासी थे। उनका जन्म 11 फ़रवरी 1750 ई. में बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज तहसील में स्थित तिलकपुर ग्राम में एक संथाल परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम 'सुंदरा मुर्मू' था क्र बचपन से ही जंगली जीवन के अभ्यस्त हो जाने के कारण वे निडर और वीर बन गये थे। किशोर जीवन से ही अपने परिवार तथा जाति पर उन्होंने अंग्रेज़ी सत्ता का अत्याचार देखा था। गरीब आदिवासियों की भूमि, कृषि और जंगली वृक्षों पर अंग्रेज़ी शासकों ने कब्जा कर रखा था। आदिवासियों और पहाड़ी सरदारों की लड़ाई अक्सर अंग्रेज़ी सत्ता से होती रहती थी पर पहाड़ी जमींदार वर्ग अंग्रेज़ी सत्ता का खुलकर साथ देता था क्र यह सब देखकर तिलका मांझी के मन में अंग्रेजों के प्रति रोष पैदा हुआ और उन्होंने उनका विरोध करने का निर्णय लिया। अंततः एक दिन 1771 में तिलका मांझी ने भागलपुर में 'बनैचारी जोर' नामक स्थान से अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह शुरू कर दिया। जंगल, तराई तथा गंगा, ब्रह्मी आदि नदियों की घाटियों में तिलका मांझी अपनी सेना लेकर अंग्रेज़ी सरकार के सैनिक अफसरों के साथ लगातार संघर्ष करते-करते मुंगेर, भागलपुर, संथाल परगना के पर्वतीय इलाकों में छिप-छिप कर लड़ाई लड़ते रहे। इन्होंने 1778 ई. में पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ कैंप पर कब्जा करने वाले अंग्रेजों को खदेड़ कर कैंप को मुक्त कराया। 1771 से 1784 तक उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी और स्थानीय महाजनों-सामंतों व अंग्रेजी शासकों की नींद उड़ाए रखा। वे अंग्रेज़ सैनिकों से मुकाबला करते-करते भागलपुर की ओर बढ़ गए। स्थिति प्रतिकूल देख ब्रिटिश सरकार ने ऑगसत्स क्लीवलैंड को मजिस्ट्रेट बनाकर राजमहल भेजा। क्लीवलैंड ने ब्रिटिश सेना और पुलिस के साथ धावा बोला पर क्लीव लैंड को तिलका माँझी ने 13 जनवरी, 1784 को अपने तीरों से मार गिराया। इस घटना ने ब्रिटिश अधिकारियों में भय उत्पन्न कर दिया। एक रात तिलका मांझी और उनके क्रान्तिकारी साथी, जब एक उत्सव में नाच-गाने की उमंग में खोए थे, तभी अचानक एक गद्दार सरदार जाउदाह ने उन पर आक्रमण कर दिया। अनेकों देशभक्त शहीद हुए और कुछ बंदी बनाए गए। तिलका मांझी ने वहां से भागकर सुल्तानगंज के पर्वतीय अंचल में शरण ली क्र तिलका मांझी एवं उनकी सेना को अब पर्वतीय इलाकों में छिप-छिपकर संघर्ष करना कठिन जान पड़ा और उन्होंने छापामार पद्धति अपनाई।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
नील कमल चाइल्ड हॉस्पिटल
डॉ. प्रशांत कुमार
M.B.B.S. PGPN (BOSTON) USA
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
महाराजगंज रोड, औरंगाबाद (बिहार) मो.-7858932202, 8507166960
सुविधाएं : फोटोथैरेपी, न्यूबलाईजर, वार्मर, पल्स, ऑक्सीमीटर, गहन चिकित्सा (N.I.C.U.) सुविधा 24 घंटे उपलब्ध

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
EYE & ENT CLINIC
डॉ. मो.मतिउर्रहमान रुमी(रुमी रहमान)
M.B.B.S. (DAR), D.O.(PAT), F.I.A.M.S.(IND)
आँख, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
महाराजगंज रोड, औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
शाखा : जम्होर (औरंगाबाद)
डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं | नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एम. पासबुक
गौरव तिवारी, शाखा प्रबंधक


गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप सिंह
प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस
औरंगाबाद (बिहार)
अलावती देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत : जम्होर
औरंगाबाद (बिहार)


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत : भदवा
रफीगंज (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

ई. सुबोध कुमार सिंह
प्रदेश सचिव
राष्ट्रीय जनता दल
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पंजाब नैशनल बैंक
शाखा : कियाखाप विशुनपुर (रफीगंज) औरंगाबाद
पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा
संजीव कुमार निराला, शाखा प्रबंधक


गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
कन्हैया लाल जैन
औरंगाबाद(बिहार)


गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाम सरवर
मुखिया
डुमरा (कुटुम्बा) औरंगाबाद

BANK
बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : जम्होर (औरंगाबाद)
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणपत लाल खटीक
शाखा प्रबंधक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार सिंह
प्रधानाचार्य
दिलवासी संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय
ग्राम+पो.-भरथौली
औरंगाबाद (बिहार)

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर
औरंगाबाद जिले के सभी नागरिकों को
शुभकामनाएं एवं बधाई
कुमार नीरज
कार्यक्रम पदाधिकारी
विकसित भारत-जी राम जी
नबीनगर (औरंगाबाद)

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर
औरंगाबाद जिले के सभी नागरिकों को
शुभकामनाएं एवं बधाई
योगेन्द्र कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी
विकसित भारत-जी राम जी
मदनपुर (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ओनम कुमारी
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
रफीगंज (औरंगाबाद)

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस एवं औरंगाबाद जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
मनोज कुमार
अधीक्षक
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग
औरंगाबाद (बिहार)

ADWAY
PATNA (BIHAR)
की ओर से
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस
के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
SOCIAL INSTITUTE FOR WEAKER's SECTION
PATNA (BIHAR)
N.K.Jha
Secretary

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, टिकारी (गया)
ग्रामीण सड़कों को बेहतर एवं मजबूत बनाने हेतु विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं :
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
- मुख्यमंत्री टोला संपर्क निश्चय योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
मजबूत सड़कें समृद्ध गांव
ई. अशोक कुमार
कार्यपालक अभियंता
गांव-गांव तक पहुंची सड़क और समृद्धि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं
राम दयाल सिंह (प्रा.) आई. टी. आई.
दाउदनगर (औरंगाबाद)
बिजेन्द्र कुमार
प्राचार्य
अनिरूद्ध कुमार
निदेशक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय सरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. सुनील कुमार
कार्यपालक अभियंता

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, जमुई (बिहार)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय सरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

गणतंत्र दिवस केअवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
DAUDNAGAR COLLEGE
Daudnagar, Aurangabad (Bihar - 824113)
A Constituent Unit of Magadh University, Bodh-Gaya
- The only Constituent College in Daudnagar Sub-division of Aurangabad District, Bihar imparting co-education in the Faculties of Science Social Science and Humanities.
- U.G. Teaching up to Degree Hons. Level: 14 Subjects.
- Digital Library enriched with more than 11,000 Books. Proposed E-Library Facility.
- Enriched functional Labs (Chemistry, Physics, Botany, Zoology, Geography, Psychology and Computer Science).
- Well qualified Commissioned Teachers having degrees from premier Institutes of India.
- Regular Academic Activities by various departments (Seminars, Talks, Workshops etc.)
Future Projects :-
1. NAAC Accreditation
2. New Administrative Building and Class Rooms

Prof. (Dr.) M. Shamsul Islam
Principal

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, अरेराज (पूर्वी चंपारण)
ग्रामीण सड़कों को बेहतर एवं मजबूत बनाने हेतु विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं :
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
- मुख्यमंत्री टोला संपर्क निश्चय योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
मजबूत सड़कें समृद्ध गांव
ई. विकास कुमार
कार्यपालक अभियंता
गांव-गांव तक पहुंची सड़क और समृद्धि

# जयप्रकाश नारायण ने दिया था संपूर्ण क्रांति का नारा



